
RNI No. 58061/93 ▪ वर्ष - 21 ▪ अंक - 342 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | बेंगलूरु » रविवार » 12-07-2026 | www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आपने वर्तमान समय में जागृत अस्मिता की आर्त, अर्थार्थी, जिज्ञासु, ज्ञानी, साधक, आराधक, सिद्ध , इष्ट, भक्त और शिष्य ये दस अवस्थाएँ दर्शाई हैं । कृपया मुझे यह बतलाइए कि, इन अवस्थाओं की प्राप्ति क्या केवल तपस्या से ही होती है ? तप की भूमिका क्या है ? तप में बाधा क्या है ?

**उत्तर:** शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान ये पाँच नियम हैं तथा सत्य, आस्तेय, अहिंसा, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य पाँच यम हैं यम नियमों से निश्रित हैं। तत्पश्चात् यम नियम अन्योन्याश्रित हैं। इनमें से एक का भी पालन करने पर अन्य स्वत: पालित होने लगते हैं । और इन सब की पालना से गुरु की प्राप्ति होती है । सत्संग और गुरु कृपा से इनकी ओर झुकाव होता जाता है। यह योग की प्रत्यक्ष अनुभव में आने वाली महिमा है। अवस्थाओं की पात्रता में तो गुरु कृपा ही मूल में है। पर, आप ने तो केवल तप के बारे में पूछा है इसलिए वही सुनिए। अनवरत आत्मवाणी सुनते हुए चरित्र अर्थात् मन,वचन, कर्म से उसका नित्य जीवन व्यवहार में क्रियान्वयन करते जाना ही तप है। यही तप की भूमिका है। तप में मुख्य बाधा भ्रमीभूत होकर मन की बात को ही आत्मा की वाणी समझ लेना है। आत्मवाणी तो स्वांत:सुख अवस्था की प्राप्ति के उपरांत ही स्व में झलकती है।और, स्व, मन में दर्पित होता है। लेकिन, तब यह स्व वह स्व नहीं रह जाता और, तद्जनित मन भी वही मन नहीं रह जाता जिसमें हम और मैं , में अंतर बना रहता था।अब मन; ब्रह्मन्न और स्व; वैश्वानर हो गया होता है।

# वैश्विक गतिशीलता के भविष्य के लिए ब्रिक्स देशों के बीच गहरे सहयोग की जरूरत : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को ब्रिक्स देशों से ऐसी परिवहन प्रणाली बनाने के लिए और ज्यादा सहयोग करने का आह्वान किया जो टिकाऊ, मजबूत, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार हों्।




उन्होंने कहा कि इस समूह की सामूहिक ताकत नवोन्मेष, साझेदारी और साझा जिम्मेदारी के जरिए वैश्विक गतिशीलता के भविष्य को आकार देने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में आयोजित तीसरी ब्रिक्स परिवहन मंत्रियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। ब्रिक्स सदस्य देशों के परिवहन मंत्रियों, प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए गडकरी ने बैठक को उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच परिवहन सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता, जिसका विषय लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण है, 'वसुधैव कुटुंबकम' के शाश्वत दर्शन से प्रेरित एक जन-केंद्रित, मानवता सर्वोपरि दृष्टिकोण को दर्शाती है। गडकरी ने ब्रिक्स देशों के बीच मजबूत संबंधों का आह्वान करते हुए कहा, ब्रिक्स विश्व की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। यह स्वच्छ, सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक कुशल परिवहन प्रणालियों के विकास का नेतृत्व करने के साथ-साथ सतत आर्थिक विकास और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने में सक्षम है।



## दतिया उपचुनाव : मिश्रा समर्थकों के बवाल के बीच विजयवर्गीय ने प्रत्याशी बदलने की अटकलें खारिज कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार घोषित किए जाने पर पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों के बवाल के बीच राज्य के काबीना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को कहा कि टिकट घोषित होने के बाद उसे बदलने की पार्टी में कोई परंपरा नहीं रही है।

विजयवर्गीय ने संवाददाताओं से कहा,भाजपा में लोकतंत्र है। पार्टी कार्यकर्ता अपनी अभिव्यक्ति करते हैं, लेकिन वे इतने अनुशासित हैं कि एक बार उनसे बैठकर बात कर ली जाएगी, तो सब मान जाएंगे और तिवारी भारी मतों से जीतेंगे। मैं अभी से इसकी भविष्यवाणी करता हूं। वैसे उनकी मिश्रा से अभी बात नहीं हो सकी है, लेकिन वह भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं तथा पार्टी के निर्णय का सम्मान करेंगे। काबीना मंत्री ने कहा,बहुत लोग चुनाव लड़ने की तैयारी करते हैं, लेकिन सभी को टिकट नहीं मिल सकता। पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है और उसका सब कार्यकर्ता पालन करेंगे। विजयवर्गीय ने दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा का उम्मीदवार बदले जाने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा,देखिए, एक बार उम्मीदवार घोषित होने के बाद भाजपा में कभी परंपरा नहीं रही है कि टिकट बदला जाए्। इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस प्रकार टिकट बदलेगा। भाजपा ने शुक्रवार को तिवारी को अपना उम्मीदवार घोषित किया था जिसके बाद मिश्रा के समर्थकों में नाराजगी फैल गई्।

## एफसीआरए संशोधन का उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना है : राजीव चंद्रशेखर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) में किए गए संशोधनों का उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना है तथा ये ''किसी धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं हैं्।''

चंद्रशेखर ने फेसबुक पर एक पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने 'कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया' (सीबीसीआई) द्वारा उठाई गई चिंताओं को धैर्यपूर्वक सुना और एफसीआरए के संबंध में विस्तृत स्पष्टीकरण दिया।

उन्होंने शुक्रवार को फेसबुक पर साझा की गई पोस्ट में कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और वह स्वयं इन संशोधनों को लेकर उत्पन्न चिंताओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार के साथ चर्चा कराने के लिए हमेशा तैयार रहे हैं्।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एफसीआरए वर्ष 2010 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में बनाया गया था और मौजूदा राजग सरकार ने केवल इसमें संशोधन किए हैं्। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन संशोधनों का पूर्व प्रभाव (रेट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट) नहीं होगा, जिससे मौजूदा परिसंपत्तियों से जुड़ी चिंताओं का समाधान हो गया है।

## वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में पेशेवरों की भारी कमी, इसका लाभ उठाए आईटी उद्योग : वैष्णव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में दुनिया भर में 10 लाख पेशेवरों की कमी का अनुमान है और देश के आईटी उद्योग को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए्।

आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेमीकंडक्टर उद्योग पर खास जोर देने की वजह से, अभी 12 संयंत्र अलग-अलग चरण में हैं, और उनमें से तीन में चिप बनाने का काम शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि जापान, अमेरिका और यूरोप को चिप निर्यात किए जा रहे हैं्। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री वैष्णव ने कहा, ''लोग कहते हैं कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में दुनिया भर में लगभग दस लाख पेशेवरों की कमी है।'' उन्होंने कहा कि देश का आईटी उद्योग इस मौके का बड़े पैमाने पर फायदा उठा सकता है, क्योंकि उसे पता है कि कैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी क्षेत्र में पूरी तरह से नए समाधान डिजाइन और विकसित किए जाएं्। उन्होंने कहा कि उद्योग को समर्थन देने के लिए केंद्र ने 315 विश्वविद्यालयों को सबसे आधुनिक सेमीकंडक्टर 'डिजाइन टूल' उपलब्ध कराए हैं्।

## एफएसएसएआई ने स्विगी इंस्टामार्ट को खराब खाद्य उत्पादों की आपूर्ति पर नोटिस भेजे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नयी दिल्ली।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने शनिवार को कहा कि उसने सड़े-गले और उपयोग अवधि समाप्त हो चुके खाद्य उत्पादों की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित आपूर्ति मंच स्विगी इंस्टामार्ट को नौ नोटिस जारी किए हैं्।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत उल्लंघन की शिकायतें मिलने के बाद स्विगी इंस्टामार्ट को नौ नोटिस जारी किए हैं्।

इस बीच, ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति कंपनी स्विगी के त्वरित आपूर्ति मंच इंस्टामार्ट के प्रवक्ता ने कहा, हम एफएसएसएआई द्वारा चिह्नित उत्पादों की समीक्षा कर रहे हैं और मामले के समाधान के लिए अधिकारियों के संपर्क में हैं्। एफएसएसएआई ने मंच को विस्तृत स्पष्टीकरण और अनुपालन रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

खाद्य नियामक ने कहा कि उपभोक्ताओं ने स्विगी इंस्टामार्ट के माध्यम से उपयोग अवधि समाप्त हो चुके (एक्सपायर), खराब, दूषित और अन्य असुरक्षित खाद्य उत्पादों की आपूर्ति की शिकायतें की हैं्।

## बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत बोस ने नगर पालिका 'घोटाले' का पैसा अपने रेस्तरां में लगाया : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस नेता सुजीत बोस के खिलाफ दाखिल किए गए ताजा आरोपपत्र में दावा किया है कि उन्होंने कथित नगरपालिका भर्ती घोटाले से प्राप्त अवैध धन अपने चीनी रेस्तरां और अन्य आतिथ्य कारोबार में लगाया। ईडी ने मई में सुजीत बोस को गिरफ्तार किया था। वह अभी कोलकाता की जेल में बंद हैं्।

शनिवार को एक बयान में, संघीय एजेंसी ने कहा कि उसने 9 जुलाई को कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम अधिनियम) अदालत में बोस (जो अग्निशमन और आपात सेवा विभाग के पूर्व मंत्री हैं), उनके बेटे समुद्र बोस, आईएएस अधिकारी और स्थानीय निकायों के पूर्व निदेशक ज्योतिष्मान चट्टोपाध्याय और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। बयान में ईडी ने दावा किया कि दक्षिण दमदम नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष बोस ने नगर निकाय में अलग-अलग पदों के लिए 340 उम्मीदवारों की ''गैर-कानूनी'' तौर पर सिफारिश की थी, और उनमें से 284 को 2014-22 के दौरान नौकरी मिल गई्।

ईडी का दावा है कि अयोग्य उम्मीदवारों से जो पैसे मिले, उन्हें शुरू में सुजीत बोस के मालिकाना हक वाली कंपनी 'चाइनीज क्विजीन रेस्टोरेंट' में लगाया गया। रेस्तरां का कारोबार बहुत कम होने के बावजूद, इन पैसों को वैध नकद बिक्री के तौर पर दिखाया गया।

## गिरनार पहाड़ी पर शेर के हमले में 11 साल के लड़के की मौत

**जूनागढ़/भाषा।** गुजरात के जूनागढ़ ज़िले में शनिवार तड़के गिरनार पहाड़ी पर परिवार के साथ चढ़ाई करते समय एक 11 साल के लड़के की शेर के हमले में मौत हो गई्। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमले के बाद एक शेर को पकड़ लिया गया है, जबकि इलाके में देखे गए दो अन्य शेरों की तलाश जारी है। गिरनार एक तीर्थ स्थल है और यहां पहाड़ी की चोटी पर कई धार्मिक स्थल हैं्। जूनागढ़ के कलेक्टर योगेश चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, मयूर चौहान नाम का लड़का अपने परिवार के साथ पहाड़ी पर चढ़ाई कर रहा था, तभी सुबह पांच से छह बजे के बीच सीढ़ियों के पास एक शेर हमला करके उसे खींच ले गया। बाद में उसके अवशेष बरामद किए गए जो परिवार को सौंप दिए गए्। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सीढ़ियों के पास तीन शेर देखे गए थे। अधिकारी ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों ने उनमें से एक शेर को पिंजरे में बंद कर दिया है और बाकी दो का पता लगाने की कोशिशें जारी हैं्। कलेक्टर ने कहा कि जिस सीढ़ी वाले मार्ग पर हमला हुआ था, उसे एहतियातन अस्थायी रूप से आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है और श्रद्धालुओं को पुराने मार्ग से भेजा जा रहा है।

## आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के दाहिने कंधे की मुंबई में सर्जरी हुई



**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की शनिवार को मुंबई के एक अस्पताल में दाहिने कंधे की सर्जरी हुई। जनसेना पार्टी ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। इससे पहले हुई मेडिकल जांच के दौरान चिकित्सकों ने पाया था कि अभिनेता से नेता बने कल्याण के दोनों कंधों की मांसपेशियों में गंभीर चोटें आई हैं। पार्टी ने कहा, (उपमुख्यमंत्री के) दाहिने कंधे का शनिवार को ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में साढ़े तीन घंटे लगे। बायें कंधे का ऑपरेशन दो महीने के अंतराल पर होगा। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कल्याण के पूर्ण रूप से और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नायडू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं।''

## भाजपा नेशनल कांफ्रेंस में विभाजन कर जम्मू कश्मीर की सरकार गिराने की कोशिश कर रही है : उमर अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) में फूट डालकर उनकी सरकार गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। अब्दुल्ला ने अपनी दादी अकबर जहां की 26वीं पुण्यतिथि पर हजरतबल में अपने दादा-दादी के मजार पर कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा उनके विधायकों को खरीदने के लिए धनबल का इस्तेमाल कर रही है। अब्दुल्ला ने दावा किया, ''नेशनल कांफ्रेंस को तोड़ने की कोशिशें की जा रही हैं्। पैसे और मंत्री पद का लालच काम न आने पर भाजपा अब बंद दरवाजों के पीछे मेरे विधायकों से कह रही है कि हमारे साथ आ जाओ और हम तुम्हें राज्य का दर्जा दिला देंगे।''

मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि जम्मू के एक नेकां विधायक ने उन्हें बताया कि उन्हें भाजपा खेमे में शामिल होने के लिए 30 करोड़ रुपये और मंत्री पद की पेशकश की गई थी। उन्होंने कहा, ''भगवान गवाह है कि जम्मू के एक विधायक ने मुझे बताया कि भाजपा के एक पदाधिकारी ने - जो उच्चतम न्यायालय के वकील भी हैं - उनसे समर्थन मांगा और बदले में 20-30 करोड़ रुपये, एक मंत्री पद और राज्य का दर्जा देने की पेशकश की। उन्हें लगता है कि लोगों का भरोसा इतना कमज़ोर है।'' अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के विधायक खुद को नहीं बेचेंगे। एक भी ऐसा विधायक नहीं है जो 20 करोड़ या 100 करोड़ रु. के लिए अपनी ईमानदारी बेच दे, क्योंकि हम जानते हैं कि हमें भगवान को जवाब देना है। अब्दुल्ला ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, यह मत सोचिए कि हम इतने कमज़ोर हैं कि आप पिछले दरवाज़े से सत्ता पर काबिज हो जायेंगे।

## पलामू में 14 लड़कियों समेत 27 नाबालिग बच्चों को बचाया गया



**मेदिनीनगर (झारखंड)।** धान की रोपाई के लिए कथित तौर पर बिहार के सासाराम ले जाए जा रहे 27 नाबालिग बच्चों को झारखंड के पलामू जिले में मुक्त कराया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुक्त कराए गए 27 बच्चों की उम्र 12 से 16 वर्ष के बीच है। इनमें 14 लड़कियां भी शामिल हैं्। विश्रामपुर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) चिरंजीवी मंडल ने बताया कि पलामू की जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) ने पुलिस को बच्चों के बारे में सूचना दी और उन्हें मुक्त कराने में सहयोग मांगा। मंडल ने कहा, ''सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शुक्रवार देर शाम पड़वा थाना क्षेत्र से 14 बच्चों और नावाबाजार थाना क्षेत्र से 13 बच्चों को मुक्त कराया।''

## ओडिशा के मुख्यमंत्री ने स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में त्रुटियों की आपराधिक जांच के आदेश दिए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को कक्षा एक से आठ तक के छात्रों की पाठ्यपुस्तकों में बड़े पैमाने पर पाई गई त्रुटियों की आपराधिक जांच के आदेश दिए्।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान के अनुसार, इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के निदेशक को अपराध शाखा के पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कहा है।

एससीईआरटी वह राज्य एजेंसी थी, जिसने ये पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की थीं और राज्य भर में 40 लाख से अधिक छात्रों के बीच इन्हें वितरित किया गया था। कक्षा एक से आठ तक के छात्रों की 55 पाठ्यपुस्तकों में 1,600 से अधिक त्रुटियां पाई गईं, जिनमें वैज्ञानिक आइजैक न्यूटन को पायलट बताना भी शामिल है। एक निजी बैठक में, मुख्यमंत्री ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को बदनाम करने के इरादे से की गई ऐसी गलतियों के पीछे किसी 'साजिश' की संभावना से भी इनकार नहीं किया। उन्हें यह शक इसलिए हुआ, क्योंकि गलतियों की संख्या असामान्य रूप से अधिक थी, जिनमें जगहों के गलत नाम और तथ्यों से जुड़ी गलतियां शामिल थीं्।

## भाजपा सरकार में मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार का पर्याय बना, प्रधानमंत्री मौन हैं : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने जवाबदेही की धारणा को सत्ता के अहंकार तले रौंद दिया है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश में एथेनॉल के नाम पर 1,200 करोड़ रुपये का चावल घोटाला सामने आया है तथा राज्य में व्यापमं से शुरू हुई लूट एवं भ्रष्टाचार के अनगिनत मामलों के बावजूद यह सिलसिला थमा नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष के आरोप पर मध्यप्रदेश सरकार या भाजपा ने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, एक घोटाला खत्म नहीं होता, दूसरा सामने आ जाता है। अब एथेनॉल के नाम पर 1200 करोड़ रुपये का चावल घोटाला सामने आया है। जिस चावल को कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के पोषण के लिए इस्तेमाल होना था, उसी चावल को मुनाफे के खेल में घुमाया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, पांच लाख मीट्रिक टन चावल, राइस मिलरों, एथेनॉल माफिया और भाजपा सरकार के संरक्षण में भ्रष्टाचार के इस खेल का हिस्सा बना दिया गया। भाजपा और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से जनता के हक के अनाज पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया,इसके पहले जमीनों के मामले में बड़ा घोटाला सामने आया। उज्जैन में उन्हीं इलाकों में जमीनों का विस्तार हुआ, जहां सरकारी बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं और राजमार्ग प्रस्तावित थे। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव के ऊपर ही सवालिया निशान खड़े हुए्।

खरगे ने कहा, ''हर तरफ, हर विभाग में लूट और अपनी जेबें भरने का खेल, यही भाजपा की सत्ता की लूट की कहानी है।'' उन्होंने दावा किया, ''व्यापमं से शुरू हुई यह लूट, अनगिनत पेपर लीक, भ्रष्टाचार के अनगिनत मामलों के बावजूद आज भी थमी नहीं है।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, ''भाजपा ने मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया है और मोदी जी हर बार की तरह बस मौन साधे बैठे रहते हैं्। सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही की धारणा को मोदी-शाह ने सत्ता के अहंकार तले रौंद दिया है।''

## आधार-पैन का दुरुपयोग कर 1.6 करोड़ तक ऋण धोखाधड़ी, एक गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने करीब 50 लोगों के आधार और पैन विवरण का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी से लगभग 1.6 करोड़ रुपये का ऋण हासिल करने वाले साइबर ठगी गिरोह के एक कथित सदस्य को पंजाब से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार आरोपी अजय कुमार (24) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मामला तब सामने आया, जब दिल्ली के एक व्यक्ति ने 25 जून को शिकायत दर्ज कराई कि उसे एक 'लोन रिकवरी एजेंट' के फोन आ रहे हैं और वह एजेंट उससे 4.5 लाख रुपये के वैयक्तिक ऋण की किस्त चुकाने की मांग कर रहा है, जबकि उसने ऐसा कोई ऋण लिया ही नहीं था। पुलिस के अनुसार बाद में, शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके पैन विवरण का इस्तेमाल कर एक कंपनी से उसके नाम पर धोखाधड़ी से ऋण लिया था। उसे यह भी पता चला कि उसकी जानकारी के बिना उसके आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर बदल दिया गया है। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान ऋण की राशि का संबंध अजय कुमार द्वारा संचालित एक बैंक खाते से मिला। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी अजय को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी के अनुसार, पूछताछ के दौरान अजय ने कथित तौर पर बताया कि वह ऐसे नेटवर्क का हिस्सा था, जो धोखाधड़ी से हासिल ऋण की रकम उन लोगों के बैंक खातों में भेजता था, जो कमीशन के बदले अपने खाते इस्तेमाल करने देते थे। पुलिस के मुताबिक गिरोह निजी वित्तीय कंपनियों से ऋण लेने से पहले पीड़ितों के आधार से जुड़े मोबाइल नंबर कथित रूप से बदल देता था और फिर उनके आधार एवं पैन विवरण का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि निजी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से करीब 1.6 करोड़ रुपये का ऋण हासिल करने के लिए लगभग 50 लोगों के दस्तावेजों का दुरुपयोग किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने, अन्य म्यूल खातों' की पहचान करने और पूरे धोखाधड़ी नेटवर्क का खुलासा करने के प्रयास जारी हैं्।

RNI No. 58061/93 ▪ वर्ष - 21 ▪ अंक - 342 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 12-07-2026 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

|| वंदे श्री ऋषभं वीरं ||

SEVA · KNOWLEDGE · ECONOMIC EMPOWERMENT · JITO

JITO BENGALURU NORTH

JITO CONNECT

# JITO BENGALURU NORTH CHAPTER FOUNDATION



## Grand INAUGURATION CEREMONY

**Sunday 12th July 2026**

**8:30 AM INAUGURATION**

**10:30 AM to 12:00 PM Apex Board Meeting**

**Venue:**
**JITO Bengaluru North Chapter Office**
Pearl Meadows, 3rd Floor, 6th Cross Road,
Gandhi Nagar, Bengaluru – 560009

## IN THE GRACIOUS PRESENCE OF TEAM JITO APEX

**Prithviraj S. Kothari** – Chairman
**Himanshu J Shah** – Vice Chairman
**Vijay B Bhandari** – President
**Kamlesh R Sojatia** – Vice President
**Narendra Srisrimal** – Vice President
**Lalit Kumar Dangi** – Secretary General
**Mahaveer Chaplot** – Secretary
**Sripal Bacchawat** – Secretary
**Sampat Raj Chaplot** – Treasurer
**D.K. Jain** – Joint Treasurer
**Narendra Singh Samar** – Special Invitee
**Praveen Bafna** – Chairman - KKG Zone
**Ramesh Haran** – Chairman - Shraman Arogyam
**Bherumal Bhandari** – Director
**Shailesh Haran** – Director
**Praveen Shah** – Director
**Pushpak Hanamannavar** – Director

## Platinum Sponsors

**INAUGURATION by**
Shri Rajendra Kumar, Yash Kumar Chajjed,
Anita Jain, Shreeya Jain,
M/s. Arkay Group of Companies.

**MICRO LABS AUDITORIUM**
Smt Bhawaribai Ghewarchand
Dilip Anand Surana
M/s Micro Labs Ltd

**LOBBY**
Sanghvi Inderchand Ramesh Chand
Mangal Chand Pradeep Rahul Bohra
M/s B. G. Bhawarlal And Sons

**CHAIRMAN CHAMBER**
Shri Sripal Kumar Vimal Kumar
Subashchand Bharat Kumar Siddarth
Khivesara M/s Oswal Minerals Ltd

**BOARD ROOM**
Sanghvi Shri Premraj, Parasmal, Nirmalkumar,
Gajesh Manav Bhandari,
M/s Adishwar India Ltd.

**JLW & JYW Chamber:**
Smt Madhu - Vimal
Kashish - Chirag ; Yash Kataria
M/s Vaishnodevi Group Of Companies

**EXECUTIVE BOARD ROOM**
Sanghvi Shantidevi
Pukhraj Gulecha
M/s Manyata - Valmark

**ADMIN BLOCK**
Smt Surekha - Shailesh, Shekha-Rohan,
Donna-Siddharth Haran
M/s N V Agencies / Siddhshekha Devlopers

**Chief Secretary -Treasurer Chamber:**
Shri Siddharth, Rachna,
Lavya-Niket Patwa,
M/s Soundglitz, Bangalore.

**DINING ROOM**
Shri Hanuman Mal Sanjay Baid
Sanghvi Shantilal Vikas Bohra
M/s Guru Punvaani Properties Pvt Ltd

**Bohra - Kataria Food Court**
Sanghvi Inderchand Ramesh Chand
Mangal Chand Pradeep Rahul Bohra
M/s B. G. Bhawarlal And Sons

Smt Madhu - Vimal
Kashish - Chirag ; Yash Kataria
M/s Vaishnodevi Group Of Companies

## Gold Sponsors

Shri Ajaykumar Ritesh Kumar Shreyans Pamecha - M/s Ajay Gold Palace Pvt Ltd
Shri Anand Kumar Arun Kumar Arpit Nahar – M/s Rishabh Gold Palace
Shri Ashok Ankit Akshay Nagori – M/s The Aluminium People
Shri Babulal Ranka – M/s Ranka Steels
Shri Babubhai Ashokkumar Mahaveerkumar Mehata - M/s Svamitva Group
Shri Bherumal Harsh Bhavesh Bhandari – M/s Mahaveer Medisales Pvt Ltd
Shri Bhimraj Lalit Vikram Karbawala - Patel Group
M/s Bafna Clothing Co Pvt Ltd / M/s Walker Apparel Pvt Ltd
Shri Dharmichand – Ugamadevi Sunil Kunkulol – M/s Manisha Jewellers
Shri Dilip Kothari – Pramod Bharat Bhandari – M/s Pearl Marble Inc.
Shri Dinesh Neetu Mehul Lodha – M/s Dinesh Associates
Shri Jayantilal Praveen Manish Chowhan – M/s Chowhan Enterprises
Shri Jayantilal Mukesh Tarun Jain Balar - M/s Micro Print And Pack Pvt Ltd
Shri Jaychand – Lakshmi Pramod Pramit Bafna
Shri Jitendra Jain Leelachand Rathod – M/s Paxal Marbles And Granites
Smt Kamala Bai – Bhawarlal Vimalesh Bhandari – M/s Prasanna Group
Smt Kanchan Devi – Kantilal Nagotra Solanki – M/s Kapoor Metals
Shri Kishore Mehul Akash Parekh – M/s Mahaveer Ceramics
Shri Krishabh Kiran Gala – M/s Gala Group
Shri Kundanmal Dinesh Kumar Sonal Bafna – M/s One Source
Shri Kundanmal Suresh Kumar Mukesh Ganna – M/s S K Group
Smt Laksmi Aashaom Jaiwin Jain – M/s Justcall
Smt Maina – Manikchand Abhishek Baldota – M/s M C Baldota Group
Smt Meeta – Ramesh Chand Akshay Dak – M/s Srs Jewellers
Shri Mahendra K Jiani – M/s M K Silk Creations
Shri Mohan Lal Lalith Harsh Kothari – M/s Sankalp Jewels Pvt Ltd
Shri Mulchand Mukesh Kumar Vikaskumar Nahar – M/s Mac Pharma
Shri Narendra Singh Nisha, Dev Samar – M/s Samar Chemicals
Shri CA Narendra Kumar Pankaj Sambhav Achha – M/s M N Achha & Co.
Shri Nirmal kumar Shailender kumar Rishabh Mogra - M/s Nirmal jewellers
Shri Prakash Chand Bharat Vishal Singhvee – M/s Peetex
Shri Prakash Nirmala Akshay Bafna - M/s Presidents & B - More
Shri Prakash Kumar Jeetendra Nitin Kataria - M/s Highlight Commercial Services
Shri Prakash Nitesh Gourav Rathod M/s Krishna Silks
Shri PrasanNeelesh Preteesh Piyush Kanted (Jain) - iDholera
Shri Praveen Pukhraj Shah – M/s Shah Group
Kumari Priyal, Prakrutee & Jeeyal Jain – M/s Opj Family Advisory LLP
Smt Reshma Kamal Karan Punmiya M/s K K Allianze
Shri Roshanlal Dinesh Kumar Rakesh Kumar Pokarana – M/s Aryen Marketing
Shri Rakesh-Rinku, Rohan Punmiya - M/s Rakesh Trading Company
Shri Shantilal Sanjay Ajay Shand – M/s Shand Group Of Industries
Shri Shantilal Rajesh Kumar Shreyans Kumar Mutha – M/s Rayan Polymers Pvt Ltd
Shri Shantilal Dinesh Mukeshnaresh Khivesara - M/s Khivesara Insurance& Financial Services
Shri Sujanmal Kishore Deepak Karnawat – M/s Parshwanath Industries
Shri Sumermal Pankaj Kumar Saksham Balar – M/s Moval Group
Shri Sunil Kumar Rajesh Kumar Kunal Gadiya – M/s Moti Gold And Diamonds
Smt Sukhi Devi – Ramesh Sumeeth Haran – M/s N V Automobiles
Shri Sampathraj Girish Priyesh Kothari - M/s NN Fincorp
Shri Suganchand Pavankumar Jitendar Chopra - M/s Rishab Kommerce
Shri Tarachand Paras Aditya Chowatia – M/s Sharp Ply Group
Shri Uttam Chand Manish Kumar Kothari – M/s Shree Papers
Shri Vijay – Suman Shreyans Singhvi – M/s Homn Living
Smt Vidhya Vinod Shantilal Pokharna - M/s Brindavan Roller Flour Mills (p) Ltd

## JITO BENGALURU NORTH CHAPTER FOUNDATION MANAGING COMMITTEE

Vimal Kataria – Chairman
Kamal Punmiya – Vice Chairman
Dinesh Bafna – Vice Chairman - Project Co-Convener
Vijay Singhvi – Chief Secretary
Ashok G Bhandari – Secretary
Madan B Jain – Secretary
Pankaj Balar – Secretary
Preteesh Jain – Secretary
Narendra Achha – Treasurer
Kishore S Karnawat – Jt. Treasurer
B Ramesh Chand Bohra – Project Convener

Arun Kumar Nahar, Arvind Kumar Taprawat, Dinesh Kumar Khivesara, Dinesh Lodha, Nemi Chand Dalal, Nitesh Kumar Gandhi, Pramit J Bafna, Praveen Kumar Chowhan, Ramesh Chand B Dak, Rhakesh Pokarana, Satish Porwad, Shekar Jain, Siddharth Patwa, Sunil Kumar D, Sanjay Pitaliya, Sunilkumar Lodha, Suresh Kumar Ganna, Vinod Nandawat

**LADIES WING**
Lakshmi Bafna – Chairperson
Raksha Chajjed – Chief Secretary

**YOUTH WING**
Anish Bhojani – Chairman
Ashish Taprawat – Chief Secretary

**JITO BANGALORE CHAIRMAN**
Tejraj Gulecha – 2008-2012
Prakashchand Singhvee – 2012-2014
Rajendra Gandhi – 2014-2016
Paras Jain (Bhandari) – 2016-2018
Sripal Khivesara – 2018-2020
Ashok S Nagori – 2020-2022
Kiran Gala – Bangalore Plus
B. Inderchand Bohra – North Chapter - 2022-2024
Dinesh Bohra – South Chapter- 2022-2024
Ranjeet Solanki – South Chapter- 2024-2026

**JITO Bangalore North Chapter Foundation**, # 135, Pearl Meadows,3rd Floor, 6th Cross, Vajreshwari Road, Gandhinagar, Bengaluru, Karnataka 560009 , Mobile No. 99025 69865



# किसान, मजदूर, महिला और युवा वर्ग का हो रहा सर्वांगीण विकास : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और अगली पीढ़ी के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हमारी डबल इंजन सरकार धरातल पर काम कर आमजन के जीवन को सुगम बना रही है। रोडमैप बनाकर पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिसका असर धरातल पर दिख रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को अजमेर के केकड़ी में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से लगभग 49 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों का विकास करवाया गया है। साथ ही, 18 हजार किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण हुआ है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण के कार्य हुए हैं। वहीं, रेल नेटवर्क को विकसित करने के साथ ही नए एयरपोर्ट्स के जरिये प्रदेश विकास की नई उड़ान भर रहा है।

उन्होंने कहा कि पानी प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। राज्य सरकार ने प्रमुख जल परियोजनाओं पर फोकस करते हुए हर व्यक्ति तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य तय किया। इसी क्रम में राम जलसेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे कई प्रोजेक्ट्स पर प्रमुखता से कार्य करके दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चार प्रमुख जातियों किसान, मजदूर, महिला और युवा का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। प्रदेश में किसान सम्मान निधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया, जिसे आने वाले समय में 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष किया जाएगा। वहीं, किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के साथ ही बिलों में अनुदान दे रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के जरिये पशुपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से 22 लाख से अधिक बीमा पॉलिसी की जा चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार रोजगार के साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 78 हजार पदों पर नियुक्तियां दी गई हैं तथा 1 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही, महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाकर आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि डबल इंजन सरकार के कार्यों से प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी जैसे विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट का लोकार्पण विकास की इसी सकारात्मक सोच का परिणाम है। सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि यमुना के पानी को राजस्थान की धरती पर लाना मुख्यमंत्री का भगीरथी प्रयास है, जिसका लाभ शेखावाटी की जनता को मिलेगा। वहीं, सड़क तंत्र को मजबूत बनाने के साथ ही प्रदेश का बिजली उत्पादन में सरप्लस होना भी मुख्यमंत्री की बड़ी उपलब्धि है।

## जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की कवायद, केंद्रीय विश्वविद्यालय में ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सामान्य से कम बारिश होने के पूर्वानुमान को देखते हुए आने वाले विषम सेमेस्टर के दौरान 'ऑनलाइन मोड' में पढ़ाई कराने का फैसला किया है। विश्वविद्यालय के एक आदेश के अनुसार 'विषम सेमेस्टर' 15 जुलाई से शुरू होगा और 14 अगस्त तक सभी कक्षाओं की पढ़ाई 'ऑनलाइन' माध्यम से होगी। अधिकारियों के अनुसार यह कदम मौसम के पूर्वानुमान और विश्वविद्यालय परिसर में पानी के समझदारी भरे इस्तेमाल की जरूरत को देखते हुए उठाया गया एक सकारात्मक और एहतियाती कदम है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को अपनी रोजाना की जरूरतों के लिए लगभग साढ़े तीन लाख लीटर पानी की जरूरत होती है।

एक अधिकारी ने कहा, हालांकि अभी पानी का पर्याप्त इंतजाम है, लेकिन कुछ समय के लिए ऑनलाइन कक्षाओं से उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। आदेश में कहा गया है कि यह फैसला राजस्थान में सामान्य से कम बारिश की संभावना और पानी के संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल की जरूरत को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि संकाय सदस्य तय कार्यक्रम के अनुसार 'ऑनलाइन मोड' में कक्षाएं लेते रहेंगे साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि छात्रों की उपस्थिति बनी रहे और अकादमिक गतिविधियां सुचारु व निर्बाध चलती रहें।

आदेश के अनुसार जिन संकाय सदस्यों की गर्मी की छुट्टियां 14 जुलाई को खत्म हो रही हैं वे विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचकर ऑनलाइन कक्षाएं लेंगे। जिनके ग्रीष्मकालीन अवकाश 21 जुलाई तक हैं वे उस तारीख तक अपनी-अपनी जगहों से ऑनलाइन कक्षाएं लेंगे और उसके बाद परिसर में पहुंचकर ऑनलाइन पढ़ाएंगे।



## मुख्य सचिव ने एसएमएस अस्पताल की आईपीडी टावर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को सचिवालय से एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर की आईपीडी टावर परियोजना एवं इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना से जुड़े विभिन्न निर्माण, वित्तीय, प्रशासनिक एवं संचालन संबंधी विषयों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि आईपीडी टावर राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं कार्यदायी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आईपीडी टावर को शीघ्र पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरणों, मानव संसाधन, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, पहुंच मार्ग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में परियोजना की वर्तमान प्रगति, इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज में प्रारंभ की जा चुकी सेवाओं, शेष कार्यों तथा पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की भी समीक्षा की गई।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग श्रीमती गायत्री ए. राठौड, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा विभाग बाबू लाल गोयल, संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग डॉ. ज्योति चौहान उपस्थित थी। साथ ही अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया,एवं कंट्रोलर एसएमएस मेडिकल कॉलेज डॉ. दीपक माहेश्वरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

## आयुषी के पिता की मौत की भी जांच करवाने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एक युवती द्वारा जमीन जायदाद और सरकारी नौकरी के लिए अपनी मां की हत्या की साजिश रचने के मामले में नए आरोप सामने आए हैं। आरोपी युवती के मामा ने उसके (युवती के) पिता की मौत की भी जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने संदेह जताया है कि उनकी मौत में भी युवती का हाथ हो सकता है। पुलिस ने कहा कि उन्हें इस संबंध में एक शिकायत मिली है और सक्षम अधिकारी इसकी जांच करेंगे। पुलिस ने इस मामले में युवती आयुषी शर्मा (23) और उसके ताऊ मोहन स्वरूप (56) समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मोहन का बेटा बलराम शर्मा फरार है। प्रताप नगर के रवींद्र नगर में रहने वाली आयुषी की मां नीरज शर्मा (45) को तीन जुलाई को तेज गति से गुजर रहे वाहन (स्कॉर्पियो) ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

नीरज के भाई राकेश ने हत्या का संदेह जताते हुए अपनी भांजी व अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस टीम की जांच में सामने आया कि नीरज की मौत किसी दुर्घटना में नहीं हुई बल्कि यह एक सोची समझी साजिश थी। 'सुपारी' देकर महिला की हत्या करवाई गई और इसे सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में महिला की बेटी आयुषी और उसके जेठ व अन्य को गिरफ्तार किया।आयुषी के मामा राकेश शर्मा ने पुलिस से मामले की गहराई से जांच करने की मांग की है। उनका आरोप है कि मुख्य आरोपी बलराम शर्मा अभी फरार है और 'सुपारी' के लिए दिए गए पैसे समेत अहम सबूत अभी तक बरामद नहीं हुए हैं। उन्होंने इस मामले में 14-15 करोड़ रुपये की संपत्ति के लालच में रची गई साज़िश का भी शक जताया है।

राकेश शर्मा ने अपने बहनोई की मौत से जुड़ी परिस्थितियों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद आयुषी और बलराम ने उन्हें लगभग तीन महीने तक किसी अज्ञात जगह पर रखा था। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले साल दिसंबर से अप्रैल तक उनके बहनोई को छिपाकर रखा गया। जब मैंने चिकित्सकों से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि उनकी हालत गंभीर थी - फेफड़ों में पानी भर गया था, लीवर बुरी तरह खराब हो गया था। अगर पुलिस ठीक से जांच करे, तो पता चलेगा कि उनकी मौत में भी आयुषी और बलराम का हाथ था। उनके वकील चंद्र प्रकाश शर्मा ने भी ऐसी ही चिंताएं जाहिर कीं। उनका आरोप है कि आयुषी ने संपत्ति पर कब्ज़ा करने और अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी पाने के लिए अपनी मां की हत्या की थी। वकील ने दावा किया इस मामले से जुड़ी जमीन जायदाद (प्रॉपर्टी) की कीमत लगभग 14 करोड़ रुपये है। इसमें कृषि भूमि व भूखंड शामिल हैं। वह संपत्ति अपने नाम करवान चाहती थी और अपने पिता की जगह अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी पाना चाहती थी। वह नहीं चाहती थी कि उसकी मां नौकरी करती रहे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आयुषी के पिता, जिनका पहले ब्रेन ट्यूमर का इलाज चल रहा था, अस्पताल में काफी ठीक हो गए थे लेकिन उन्हें अस्पताल से जबरदस्ती छुट्टी दिलवाकर किराए के अनजान मकान में रखा गया। उन्होंने आयुषी पर आरोप लगाते हुए कहा,'जब उन्हें बाद में दोबारा भर्ती कराया गया, तो डॉक्टरों ने कहा कि उनकी हालत बहुत खराब हो चुकी थी। दो दिन के अंदर ही संदिग्ध हालात में उनकी मौत हो गई। उन्हें उचित इलाज और बताई गई दवाइयां नहीं उपलब्ध कराई गई।

पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने कहा कि पुलिस ने शिकायत पर गौर किया है और समुचित जांच का विश्वास दिलाया है। उन्होंने कहा,शिकायतकर्ता ने लिखित शिकायत दी है। उठाए गए सभी बिंदुओं की विस्तार से जांच की जाएगी। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है और उसे जल्द ही गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।

आरोपी आयुषी के पिता की मौत के मामले में जांच की मांग पर उन्होंने कहा, परिवार ने इस मामले में भी जांच की मांग की है। सक्षम अधिकारी इस मामले की जांच करेंगे। पुलिस अधिकारियों ने संकेत दिया कि इस मामले में संपत्ति का विवाद और परिवार के भीतर तनाव के साथ-साथ अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि इन सबके चलते ही महिला की हत्या की कथित तौर पर साजिश रची गई हो।

पुलिस ने बताया कि नीरज को लगभग एक साल पहले अपने पति विजय कुमार शर्मा की मौत के बाद अनुकंपा के आधार पर अदालत में क्लर्क (एलडीसी) की नौकरी मिली थी।

## बांसवाड़ा के सरकारी अस्पताल में चार महिलाओं की मौतः अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के बांसवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में पिछले कुछ दिन में चार महिलाओं की मौत हो गई। इसके बाद अधिकारियों ने मौतों के कारणों की जांच के लिए एक समिति गठित की है। शुरुआती जानकारी के अनुसार ये मौतें सात से 10 जुलाई के बीच हुईं जिससे चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग में चिंता है। जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत सिंह यादव ने अस्पताल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

यादव ने कहा, सात से 10 जुलाई के बीच चार महिलाओं की मौत की सूचना मिली है। दो मरीजों को गंभीर हालत में लाया गया था जबकि दो मामलों में सिजेरियन ऑपरेशन हुआ था। उन्होंने बताया कि मौतों की विस्तृत जांच के लिए चिकित्सकों की पांच सदस्यीय समिति बनाई गई है।अधिकारियों ने बताया कि एक मामले में ग्रामीण इलाके में गर्भपात से जुड़ी जटिलताओं के बाद नाबालिग लड़की को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था और बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दो अन्य मामलों में पीड़ित की पहचान सवनिया निवासी लक्ष्मी और मध्य प्रदेश के अकलखेड़ा निवासी रेशमा के तौर पर हुई है। संदेह है कि इनकी मौत का शुरुआती कारण गंभीर एनीमिया (खून की कमी) हो सकता है।

कानेला गढ़ी की रहने वाली एक अन्य महिला लीला की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई, शुरुआती जांच में इसकी वजह उच्च रक्तचाप माना गया है। जिला कलेक्टर ने कहा कि अब तक दवा के गलत असर का कोई तत्काल संकेत नहीं मिला है। यादव ने कहा, पांच चिकित्सकों की समिति बनाई गई है और जयपुर से भी एक टीम आ रही है। रिपोर्ट आने के बाद मौतों के सही कारण का पता चलेगा। अगर किसी भी स्तर पर कोई चूक पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच के तहत मेडिकल रिकॉर्ड की जांच की जा रही है और अस्पताल के कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।



## 'अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान 10 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन क्षेत्र का योगदान वर्तमान में 6 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अल्पकालिक लक्ष्य के रूप में वर्ष 2030 तक इसे 7 प्रतिशत तक पहुंचाने की दिशा में केंद्र सरकार तेजी से कार्य कर रही है। शनिवार को अपने जोधपुर निज निवास पर मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान लगातार मजबूत हुई है, जिसका सकारात्मक प्रभाव पर्यटन क्षेत्र पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं घरेलू पर्यटन में भी अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। पर्यटन एक विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था का सशक्त माध्यम है, जिससे विकास का लाभ सीधे स्थानीय लोगों तक पहुंचता है। पर्यटन से होटल, परिवहन, हस्तशिल्प, खान-पान, स्थानीय उत्पादों और अन्य अनेक क्षेत्रों में रोजगार एवं आय के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार सृजित करने की क्षमता पर्यटन क्षेत्र में है और सरकार इसी दृष्टि से पर्यटन अवसंरचना एवं सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दे रही है। शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के परिणामस्वरूप 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में देश की अर्थव्यवस्था दोगुने से अधिक आकार की हो चुकी है। प्रति व्यक्ति आय और किसानों की आय में वृद्धि हुई है। महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के कारण लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, जिससे घरेलू पर्यटन को भी बड़ा प्रोत्साहन मिला है।

## विवेकानंद की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने को लेकर एनएसयूआई और एबीवीपी कार्यकर्ताओं में झड़प

कोटा। राजस्थान के कोटा स्थित एक सरकारी कॉलेज परिसर में विवेकानंद की प्रतिमा को कथित रूप से पहुंचे नुकसान को लेकर शुक्रवार दोपहर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, जिससे तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने उन पर लोहे की छड़ों से हमला किया और कुछ महिला सदस्यों के बाल खींचे। वहीं, एबीवीपी ने इन आरोपों को गलत बताया। नयापुरा क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच कुछ समय तक मारपीट हुई लेकिन इस झड़प में किसी को चोट नहीं आई। अधिकारी ने बताया कि दोनों गुटों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दी है लेकिन अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरएसएस की छात्र इकाई एबीवीपी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

विश्व जनसंख्या दिवस



राजस्थान के बीकानेर में 'विश्व जनसंख्या दिवस' के अवसर पर शनिवार को एक निजी अस्पताल (श्री कृष्णा न्यूरो स्पाइन एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल) में नवजात बच्चों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाते डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ।

## अस्पतालों की विशेषज्ञों से जांच करवाए केंद्र सरकारः अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीलवाड़ा और बांसवाड़ा के अस्पतालों में महिलाओं की मौत पर चिंता जताते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जांच करवाने की मांग की है ताकि प्रसूताओं की जान बचाई जा सके। गहलोत ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में मात्र छह दिन में पांच प्रसूताओं की मृत्यु समेत बांसवाड़ा में भी हुई मौतें हृदयविदारक एवं बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने दावा किया,''ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में संक्रमण की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बावजूद लगातार सीजेरियन ऑपरेशन करते रहना और 30-40 ऑपरेशन के सापेक्ष महज पांच 'सर्जिकल सेट' होना सीधे तौर पर घोर लापरवाही और बदहाल चिकित्सा व्यवस्था को दर्शाता है।''

उन्होंने कहा कि कोटा, बीकानेर, जोधपुर के बाद अब भीलवाड़ा की यह स्थिति विचलित करने वाली है। राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा,''क्या राजस्थान को भाजपा सरकार ने भगवान भरोसे छोड़ दिया है? एक के बाद एक ऐसी घटनाएं जैसे सामने आ रही हैं वह दिखाता है कि सरकार का इस सबसे कोई मतलब नहीं है।'' केंद्र सरकार से जांच की मांग करते हुए उन्होंने कहा,''राजस्थान के अलग-अलग अस्पतालों में बनी ऐसी स्थिति के सही मूल्यांकन एवं निदान के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय को विशेषज्ञों की टीम भेजकर जांच करवानी चाहिए ताकि प्रसूताओं की जान बचाई जा सके।''

▪ RNI No. 58061/93 ▪ वर्ष - 21 ▪ अंक - 342 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 12-07-2026 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



4 अस्पतालों की विशेषज्ञों से जांच करवाए केंद्र सरकार: गहलोत

6 बाधाओं से टकराकर भी नहीं डिगा हौसला, खूंखार आतंकवादियों का किया खात्मा

7 आईटी मंत्री ने एंथ्रोपिक इंडिया से एआई सहयोग पर की चर्चा

## फर्स्ट टेक

### वरिष्ठ पार्श्व गायिका एस. जानकी का निधन

मैसूर। दिग्गज पार्श्व गायिका एस. जानकी का शनिवार को मैसुरु के एक निजी अस्पताल में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। वह 88 वर्ष की थीं। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार रात उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एस. जानकी ने मुख्य रूप से कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में 48,000 से अधिक गीत गाए। करीब छह दशक लंबे संगीत करियर में उन्होंने फिल्मों, एल्बमों, टेलीविजन और रेडियो के लिए लगभग 20 भारतीय भाषाओं में गीत गाए, इनमें हिंदी, ओड़िया, तुलु, उर्दू, पंजाबी और बांग्ला भाषाएं शामिल हैं।

### पाकिस्तानी आतंकवादी शहजाद के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नयी दिल्ली।राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शनिवार को पाकिस्तानी आतंकवादी शहजाद भट्टी समेत आठ आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। यह मामला इस साल जनवरी में हरियाणा के अंबाला में बलदेव नगर पुलिस थाने के पार्किंग क्षेत्र में हुए आईईडी कार बम धमाके से जुड़ा है। एनआईए ने एक बयान में कहा कि पंचकूला की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल आरोपपत्र में पाकिस्तानी नागरिक भट्टी के अलावा भारतीय नागरिकों – करमजीत सिंह उर्फ ङ्कङ्कटोनी, आकाश, सौरव उर्फ ङ्कङ्कसोबी, रमन कुमार, सत्यम, सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा और अमरजीत सिंह उर्फ अंबी के नाम शामिल हैं।

### वायनाड भूस्खलन : 70 सदस्यीय टीम लापता कर्मचारी की तलाश आज फिर से शुरू करेगी

वायनाड। कल्लाडी में सुरंग परियोजना स्थल पर सात जुलाई को हुए भूस्खलन के बाद शनिवार को तलाश अभियान का पांचवां दिन था, लेकिन एक लापता व्यक्ति का अब तक पता नहीं चल सका है। इसलिए, यह अभियान 12 जुलाई को भी जारी रहेगा। जिला प्रशासन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लापता व्यक्ति हिमाचल प्रदेश का मूल निवासी है। वायनाड और कोझिकोड जिलों को जोड़ने के उद्देश्य वाली अनाक्कमपोयिल–मेप्पाडी सुरंग परियोजना स्थल पर हुए भूस्खलन में सात लोगों की जान चली गई, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है। हिमाचल प्रदेश के रहने वाले प्रबंधक विक्रम राणा का अभी तक पता नहीं चल सका है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, पुलिस के विशेष अभियान समूह और अग्निशमन कर्मियों वाली 50 लोगों की एक टीम ने पास की मीनाक्षी नदी के छह किलोमीटर के हिस्से में लापता कर्मचारी को तलाश किया।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 12-07-2026 6:50 बजे | सूर्योदय 13-07-2026 6:02 बजे |
| BSE 77,569.39 (+827.57) | NSE 24,206.90 (+244.11) |
| सोना 15,108 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 230,800 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### वाद पर वाद

होता चुनाव में सदा शुरू,
तू–तू मैं–मैं तकरारवाद।
आक्षेप और हथकण्डों से,
आपस में फैला खारवाद।
नीचे से ऊपर सभी जगह,
सिस्टम में अब परिवारवाद।
सच को झुठलाते सारे दल,
कब आएगा स्वीकारवाद।।



# वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के विकास की गति अभूतपूर्व : मोदी

> अपनी मूल संस्कृतियों का जश्न मनाना और उन्हें संरक्षित करना हमारी साझा प्रतिबद्धता है। पिछले 40 वर्ष में न्यूजीलैंड की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को एक मफलर दिखाया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में आने से पहले करीब 25-30 वर्ष पूर्व जब वह न्यूजीलैंड आए थे, तब उन्हें यह उपहार में मिला था।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ऑकलैंड। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के विकास की गति अभूतपूर्व है और वह दुनिया को विकास का एक नया मॉडल दे रहा है। मोदी ने ऑकलैंड में प्रवासी भारतीय समुदाय के 'किया ओरा मोदी' नामक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के संबंध सुखद स्मृतियों, स्थायी मित्रता, साझा मूल्यों और परस्पर प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। कार्यक्रम में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भी मौजूद थे। मोदी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत जिस तेज गति से विकास कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया को विकास का एक नया मॉडल दे रहा है। उन्होंने कहा, आज भारत में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से हर महीने अरबों डिजिटल लेनदेन हो रहे हैं। भारत ड्रोन प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में नयी ऊंचाइयां छू रहा है। इस दौरान लोगों ने तालियां बजाईं और मोदी–मोदी के नारे लगाए। मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड का भविष्य एक–दूसरे से जुड़ा हुआ है तथा दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता विकसित राष्ट्र बनने की भारत की यात्रा को गति देगा। भारत और न्यूजीलैंड के भविष्य को आपस में जुड़ा बताते हुए मोदी ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौता एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा को गति देगा।

मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र खुद भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक साझेदारी की अपार संभावनाओं को दिखाता है। उन्होंने भारतीय समुदाय के 10,000 से ज्यादा लोगों की सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमारे व्यापार समझौते में भी यही भावना झलकती है। यह समझौता विकसित भारत की ओर हमारे सफर को तेज करेगा। इससे भारत और न्यूजीलैंड, दोनों देशों में कारोबार के लिए नए मौके बनेंगे। उन्होंने कहा, यह नए भारत की तस्वीर है, जो दिखाती है कि भारत न्यूजीलैंड की तरह ही पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था, दोनों के बीच संतुलन बनाए रख रहा है। अपने तीन देशों के दौरे के आखिरी चरण में शुक्रवार को ऑकलैंड पहुंचे मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक और अहम समानता है।

उन्होंने कहा, अपनी मूल संस्कृतियों का जश्न मनाना और उन्हें संरक्षित करना हमारी साझा प्रतिबद्धता है। पिछले 40 वर्ष में न्यूजीलैंड की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को एक मफलर दिखाया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में आने से पहले करीब 25–30 वर्ष पूर्व जब वह न्यूजीलैंड आए थे, तब उन्हें यह उपहार में मिला था। उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच संबंध सुखद यादों, अटूट दोस्ती, साझा मूल्यों और आपसी प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। मोदी ने कहा, न्यूजीलैंड की संस्कृति का एक सुंदर शब्द इस रिश्ते की असल भावना को दर्शाता है 'वाका'। सदियों से, यह शब्द लोगों को एक साथ लाने का प्रतीक रहा है। 'वाका' सिर्फ एक नाव नहीं है, बल्कि यह एक साझा सफर का प्रतीक है। आज, भारत–न्यूजीलैंड की 'वाका' एक नयी यात्रा पर साथ निकलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, भारत और न्यूजीलैंड के सामने अवसरों का एक विशाल सागर है।

मोदी ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष लक्सन, सरकारी अधिकारियों और लेबर पार्टी के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी मौजूदगी भारत–न्यूजीलैंड संबंधों के लिए दोनों पार्टियों के मजबूत समर्थन को दर्शाती है। उन्होंने कहा, यह कीवी–भारतीय समुदाय की शानदार उपलब्धियों का भी प्रमाण है। मोदी ने कहा कि न्यूजीलैंड के स्थानीय लोगों ने भारतीय समुदाय को अपना लिया है। उन्होंने एयर न्यूजीलैंड के सीईओ निखिल रवि शंकर, गवर्नर जनरल आनंद सत्यानंद और क्रिकेटर रचिन रवींद्र जैसी कामयाब हस्तियों का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा, न्यूजीलैंड एक ऐसी जगह है, जहां सड़कों पर भी भारतीय शहरों का सम्मान किया गया है। उन्होंने कहा, हर दौर में भारत ने खुद को बदला है... और इसकी वजह यह है कि भारत हमेशा दूसरों से सीखने के लिए तैयार रहता है। हमारे लिए किसी देश की आबादी का आकार मायने नहीं रखता, बल्कि अपने लोगों की भलाई के प्रति उसकी प्रतिबद्धता मायने रखती है; और इसीलिए, हमने न्यूजीलैंड से बहुत कुछ सीखा है और अब भी उससे सीख रहे हैं।

# वियतनाम में नौका पलटने से 15 भारतीय पर्यटकों की मौत

हनोई।वियतनाम के फू क्वोक द्वीप के पास शनिवार को एक नौका (स्पीडबोट) पलटने से 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई। हनोई स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की।ङ्कङ्कदूतावास के अनुसार, नाव में 32 भारतीय पर्यटकों और स्थानीय चालक दल के चार सदस्यों सहित कुल 36 लोग सवार थे। इनमें से 21 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।ङ्कङ्कवियतनाम सरकार ने दुर्घटना का कारण पता लगाने के लिए तुरंत जांच के आदेश दिए।ङ्कङ्कफू क्वोक, वियतनाम का सबसे बड़ा द्वीप है और अपने सफेद रेतीले समुद्र तटों, प्रवाल भित्तियों तथा द्वीप भ्रमण के कारण प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। बताया गया है कि ये पर्यटक द्वीप भ्रमण से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

वियतनामी समाचार पोर्टल 'वीएन एक्सप्रेस इंटरनेशनल' के अनुसार, स्पीडबोट 'होन मे रुट नगोआई' द्वीप से



लगभग 400 मीटर दूर पलट गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद पर्यटक नौकाएं यात्रियों को बचाने के लिए पहुंचीं। बाद में सीमा सुरक्षा बल, नौसेना, तटरक्षक बल और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से व्यापक खोज एवं बचाव अभियान चलाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ यात्री पलटी हुई नाव के अंदर ही फंस गए थे, जिससे बचाव अभियान में काफी कठिनाई आई।ङ्कङ्कस्थानीय मीडिया के अनुसार, दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी 15 पर्यटकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मरने वाले 15 लोगों में से 10 तमिलनाडु से, तीन आंध्र प्रदेश से और दो केरल से थे।ङ्कङ्कहनोई में भारतीय दूतावास की ओर से 'एक्स' पर साझा की गई सूची के मुताबिक, मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल थीं।

सूची के अनुसार, तमिलनाडु के मृतकों की पहचान सेंथिल कुमार जयवेल, मुरुगा प्रभु अरुमुगम, श्रीधर सुंदरराजन, शेख अब्दुल्ला अब्दुल मजीद, बालाजी नटेसन, विनय कुमार चिथिरापुरम भास्कर, रविशंकर सुकुमारन, संतोष कुमार शांतिलाल जैन, बाबू कुप्पुस्वामी और अलगुराजन शिवसामी के तौर पर हुई है।ङ्कङ्कआंध्र प्रदेश के मृतकों की पहचान नल्लापेटा आदिशेषैया रवितेजा, श्रीधर मुडियम और जया लक्ष्मी गेल्ली के तौर पर हुई, जबकि केरल के मृतकों की पहचान एविकोट चेरियन थॉमस और लोवेनी थॉमस के तौर पर की गई।

### लाल किले को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने शनिवार को वहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि परिसर की व्यापक तलाशी के बाद यह धमकी फर्जी पाई गई। सूत्रों के अनुसार, मुंबई पुलिस के नियंत्रण कक्ष में एक फोन कॉल आया था, जिसमें कॉल करने वाले ने दावा किया कि दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित लाल किले को बम से उड़ा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस ने तत्काल यह सूचना दिल्ली पुलिस के नियंत्रण कक्ष को दी, जिसके बाद संबंधित जिले की पुलिस को सतर्क कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि चेतावनी मिलने के बाद लाल किले और उसके आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई तथा स्मारक और उसके आसपास के इलाके की तलाशी ली गई।



## प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड के नेता प्रतिपक्ष से वार्ता की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ऑकलैंड/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के नेता प्रतिपक्ष क्रिस हिपकिंस से शनिवार को मुलाकात की और दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंधों समेत द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। यह पिछले 40 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के नेता प्रतिपक्ष क्रिस हिपकिंस से मुलाकात की। हिपकिंस न्यूजीलैंड लेबर पार्टी के नेता और रेमुताका से सांसद हैं। मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार और दोनों देशों के लोगों के आपसी संबंधों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# भविष्य के युद्ध सिर्फ एआई से नहीं, बल्कि संकल्प और सैनिकों के दम पर जीते जाएंगे: राजनाथ सिंह

> भविष्य के युद्ध कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से लड़े जा सकते हैं, लेकिन उनमें जीत राष्ट्रीय संकल्प, प्रशिक्षित सैनिकों और सक्षम सैन्य शक्ति से ही हासिल होगी। इसलिए मैं कहूंगा कि नयी प्रौद्योगिकियां और पारंपरिक रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं और एक-दूसरे को पूर्ण बनाते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विशाखापत्तनम। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भविष्य के युद्ध कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से लड़े जा सकते हैं, लेकिन उनमें जीत अब भी राष्ट्रीय संकल्प, प्रशिक्षित सैनिकों और मजबूत सैन्य शक्ति के दम पर ही हासिल होगी। यहां आईएनएस 'महेंद्रगिरि' को नौसेना में शामिल किए जाने के समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश भारत के रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण के नए शक्ति केंद्र के रूप में उभरा है।

रक्षा आधुनिकीकरण के प्रति सरकार के संतुलित नजरिए पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि भारत अगली पीढ़ी की तकनीकों में निवेश कर रहा है और साथ ही पारंपरिक सैन्य क्षमताओं को भी मजबूत कर रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पारंपरिक और आधुनिक क्षमताओं के प्रभावी एकीकरण के उदाहरण के तौर पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। उन्होंने कहा, भविष्य के युद्ध कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से लड़े जा सकते हैं, लेकिन उनमें जीत राष्ट्रीय संकल्प, प्रशिक्षित सैनिकों और सक्षम सैन्य शक्ति से ही हासिल होगी।

इसलिए मैं कहूंगा कि नयी प्रौद्योगिकियां और पारंपरिक रक्षा प्रणालियां एक–दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक–दूसरे के पूरक हैं और एक–दूसरे को पूर्ण बनाते हैं। पारंपरिक प्रणालियों के बिना नयी प्रौद्योगिकियां अपने आप में अधूरी हैं।

### मेरे सब्र को कमजोरी न समझा जाए : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को केंद्र से कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करने के मामले में उनके सब्र को उनकी कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने 'उपयुक्त समय' की परिभाषा स्पष्ट करने की भी मांग की। उमर अपनी दादी अकबर जहां की 26वीं पुण्यतिथि के मौके पर हजरतबल में अपने दादा–दादी की मजार पर कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में कश्मीर से पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए, जबकि (कश्मीर) घाटी के अलग–अलग हिस्सों और दूर–दराज के इलाकों से कार्यकर्ता आए थे। उमर अब्दुल्ला ने सवाल किया कि अगर केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों से बात करने को तैयार है, तो जम्मू कश्मीर के लोगों से क्यों नहीं।

अपनी दादी को श्रद्धांजलि देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने उनसे बहुत कुछ सीखा है, लेकिन सबसे बड़ी सीख धैर्य रखना है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें धैर्य रखना होगा -- जैसा कि उन्होंने रखा था। धैर्य रखना कमजोरी नहीं है और इसका मतलब यह भी नहीं कि हम चुप रहें।

## देश का भविष्य पुस्तकालयों में जुटने वाले युवाओं की संख्या से आंका जा सकता है : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र में लोकनायक जयप्रकाश नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया और कहा कि किसी देश के भविष्य का आकलन उसकी आर्थिक प्रगति से अधिक इस बात से किया जा सकता है कि उसके पुस्तकालय कितने आबाद हैं और वहां कितने युवा पढ़ने आते हैं। शाह ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, यदि किसी देश के भविष्य का आकलन करना हो तो यह उसकी कृषि समृद्धि, बाजारों की चहल–पहल या उद्योगों की संख्या देखकर नहीं किया जा सकता। इसका आकलन इस आधार पर किया जा सकता है कि उसके पुस्तकालय कितने भरे रहते हैं और वहां युवा आते हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि ज्ञान और विवेक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं तथा पुस्तकालय दोनों के संवर्धन में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। शाह ने कहा, जो गतिविधियां किसी राष्ट्र को आगे बढ़ाती हैं और उसे समृद्ध बनाती हैं, उनकी जड़ें ज्ञान और विवेक में होती हैं।

और यह ज्ञान केवल पुस्तकालयों से ही प्राप्त होता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने पुस्तकालय प्रशासन से आसपास के क्षेत्रों के स्कूलों से संपर्क स्थापित करने का आग्रह करते हुए कहा कि युवाओं में पढ़ने की आदत को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## विपक्ष जाति के आधार पर लोगों को बांट है रहीं : आदित्यनाथ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को कमजोर करने और राजनीतिक लाभ के लिए समाज को जाति के आधार पर बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सत्ता में रहते हुए विकास को बढ़ावा देने में विफल रही हैं।

गोरखपुर के पिपराइच विधानसभा क्षेत्र में 757 करोड़ रुपये से ज़्यादा की लागत वाली 24 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र बांटने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि विकास ही खुशहाली की कुंजी है और उन्होंने समाज को बांटने की कोशिशों के खिलाफ चेतावनी दी।

## सुविचार

सिर्फ अपनी जीभ पर नियंत्रण रख लेने से जीवन के आधे संकट अपने आप टल जाते हैं।

## ट्वीट

जोधपुर में, बावड़ी केलवा स्थित केशव प्रिया गौशाला में आयोजित श्री राम कथा पाठ में, मुझे दिव्य कथा सुनने का पुण्य मिला। मुझे व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य कथावाचक श्री मुरलीधर जी महाराज का आशीर्वाद भी मिला।

-गजेन्द्रसिंह शेखावत



चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है, जिसने हमारे रिश्तों में एक अहम नया चैप्टर शुरू किया है। लोगों के बीच मेलजोल में नई तेज़ी हमारी दोस्ती की बढ़ती गहराई को दिखाती है।

-नरेन्द्र मोदी



## कहानी

महेन्द्र तिवारी

# इंसानियत



गांव के बाहरी छोर पर बने उस पुराने घर में कभी बहुत रौनक हुआ करती थी। घर के आंगन में बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, रसोई से उठती खुशबू पूरे मोहल्ले को अपनी ओर खींच लेती थी और शाम को परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर दिनभर की बातें किया करते थे। उस घर की बड़ी बहू सविता अपने स्वभाव, मेहनत और मधुर व्यवहार के कारण पूरे परिवार की प्रिय थी। उसके पति राजेश गांव के स्कूल में अध्यापक थे और सभी उनका बहुत सम्मान करते थे।

लेकिन जिंदगी हमेशा एक जैसी नहीं रहती। एक बरसाती शाम राजेश शहर से लौट रहे थे कि रास्ते में हुए एक सड़क हादसे ने सब कुछ बदल दिया। खबर जब गांव पहुंची तो पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। सविता की दुनिया एक ही पल में उजड़ गई। उसकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। दो छोटे बच्चों की जिम्मेदारी, भविष्य की चिंता और पति को खोने का दुख, सब कुछ एक साथ उसके कंधों पर आ गिरा।

शुरू के कुछ दिनों तक लोग संवेदना व्यक्त करने आते रहे। लेकिन समय बीतते ही वही लोग धीरे-धीरे बदलने लगे। गांव में फुसफुसाहटें शुरू हो गईं। कुछ लोग कहते, अब इसका क्या होगा? कुछ कहते, विधवा औरत की जिंदगी तो बस बच्चों को पालने में निकल जाती है। कुछ लोग तो यहां तक कह देते कि अब उसे अपने सपनों और इच्छाओं के बारे में सोचना ही छोड़ देना चाहिए।

सविता हर ताना चुपचाप सुन लेती। वह जानती थी कि समाज का मुंह बंद नहीं किया जा सकता। लेकिन सबसे अधिक पीड़ा उसे तब होती जब कुछ रिश्तेदार भी उससे दूरी बनाने लगे। जिन लोगों ने कभी उसे बेटी जैसा प्यार दिया था, वे अब उसे बोझ की तरह देखने लगे थे।

इसी परिवार में राजेश का छोटा भाई अमन भी रहता था। उम्र में सविता से छोटा होने के बावजूद वह उसे हमेशा बड़ी बहन जैसा सम्मान देता था। राजेश के जाने के बाद उसने देखा कि उसकी भाभी भीतर ही भीतर टूट रही हैं। वह समझ गया कि इस समय उन्हें दया नहीं, बल्कि सम्मान और सहारे की जरूरत है।

एक दिन उसने सविता से कहा, भाभी, जिंदगी यहीं खत्म नहीं हुई है। भैया हमेशा चाहते थे कि आप आगे बढ़ें। आपको बच्चों के लिए और अपने लिए मजबूत बनना होगा।

सविता ने उदास होकर कहा, अब मेरे लिए क्या बचा है अमन? लोग तो मुझे देखकर तरह-तरह की बातें करते हैं।

अमन मुस्कराया और बोला, लोगों का काम बातें करना है। अगर हम उनकी सुनते रहेंगे तो कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

उस दिन के बाद अमन ने एक फैसला किया। वह हर कदम पर अपनी भाभी का साथ देगा। उसने घर के कामों में मदद करनी शुरू कर दी। बच्चों की पढ़ाई का ध्यान रखने लगा। जब भी कोई रिश्तेदार या पड़ोसी सविता के बारे में अनुचित बातें करता, वह विनम्रता से लेकिन दृढ़ता के साथ उनका जवाब देता।

धीरे-धीरे अमन को एक बात समझ आने लगी। सविता पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। शादी से पहले उसका सपना डॉक्टर बनने का था, लेकिन परिस्थितियों और जिम्मेदारियों के कारण वह सपना अधूरा रह गया था।

एक दिन अमन ने पूछा, भाभी, अगर आपको मौका मिले तो क्या आप फिर पढ़ाई करना चाहेंगी?

सविता ने हैरानी से उसकी ओर देखा। वर्षों बाद किसी ने उसके सपनों के बारे में पूछा था।

अब इस उम्र में? उसने संकोच से कहा।

उम्र सपनों को नहीं रोकती, अमन ने जवाब दिया।

उस रात सविता बहुत देर तक सो नहीं सकी। उसके मन में पुराने सपने जाग उठे। लेकिन अगले ही पल उसे समाज की बातें याद आ गईं। लोग क्या कहेंगे? बच्चे कैसे संभलेंगे? खर्च कहां से आएगा?

अमन ने उसकी सारी चिंताओं को समझ लिया। उसने कहा, आप बस पढ़ाई शुरू कीजिए। बाकी जिम्मेदारियां हम मिलकर संभाल लेंगे।

शुरुआत आसान नहीं थी। दिनभर घर और बच्चों की जिम्मेदारी निभाने के बाद रात में पढ़ाई करना बेहद कठिन था। कई बार थकान इतनी होती कि किताब हाथ में लिए-लिए ही आंख लग जाती। लेकिन हर बार अमन उसे हिम्मत देता।

गांव के लोग फिर बातें करने लगे।

देखो, अब डॉक्टर बनने चली है।

इस उम्र में पढ़ाई करेगी?

घर संभाले या किताबें पढ़े?

सविता पहले इन बातों से परेशान हो जाती थी, लेकिन अब उसके भीतर एक नया आत्मविश्वास जन्म लेने लगा था। उसे पता था कि कुछ लोग उसके असफल होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो उसकी सफलता की उम्मीद कर रहे हैं।

> **सविता पहले इन बातों से परेशान हो जाती थी, लेकिन अब उसके भीतर एक नया आत्मविश्वास जन्म लेने लगा था। उसे पता था कि कुछ लोग उसके असफल होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो उसकी सफलता की उम्मीद कर रहे हैं। वर्षों तक संघर्ष चलता रहा। कई बार आर्थिक परेशानियां सामने आईं। फीस भरने के लिए घर की कुछ चीजें बेचनी पड़ीं। कई त्योहार बिना नए कपड़ों के गुजर गए। लेकिन अमन और सविता ने हार नहीं मानी।**

वर्षों तक संघर्ष चलता रहा। कई बार आर्थिक परेशानियां सामने आईं। फीस भरने के लिए घर की कुछ चीजें बेचनी पड़ीं। कई त्योहार बिना नए कपड़ों के गुजर गए। लेकिन अमन और सविता ने हार नहीं मानी।

बच्चे भी धीरे-धीरे समझदार हो गए थे। वे अपनी मां को पढ़ते देखकर गर्व महसूस करते थे। जब सविता देर रात तक पढ़ती, तो उसकी बेटी चुपचाप उसके लिए चाय बना लाती। बेटा अपनी कॉपियां लेकर उसके पास बैठ जाता ताकि मां को अकेलापन महसूस न हो।

समय अपनी गति से चलता रहा। मेहनत के बीज धीरे-धीरे फल देने लगे। सविता ने परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। फिर उसे मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिल गया।

जिस दिन यह खबर आई, उस दिन अमन की आंखों में खुशी के आंसू थे। उसने कहा, भाभी, यह तो बस शुरुआत है।

कॉलेज का जीवन भी चुनौतियों से भरा था। वहां अधिकतर छात्र उससे उम्र में छोटे थे। कई बार उसे असहज महसूस होता। लेकिन उसने अपने लक्ष्य से नजर नहीं हटाई।

हर कठिन दिन के बाद उसे अपने बच्चों का चेहरा याद आता। उसे अमन का विश्वास याद आता। और फिर वह दोबारा पूरी ताकत से जुट जाती।

साल दर साल बीतते गए। आखिर वह दिन भी आया जिसका इंतजार पूरे परिवार को था। सविता ने अपनी मेडिकल शिक्षा पूरी कर ली थी।

दीक्षांत समारोह में जब उसका नाम पुकारा गया और उसे डॉक्टर की उपाधि दी गई, तो सभागार तालियों से गूंज उठा। मंच से नीचे बैठे उसके बच्चे खुशी से रो रहे थे। अमन की आंखें भी नम थीं।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सविता सबसे पहले अमन के पास आई। उसने कहा, आज अगर मैं यहां तक पहुंची हूं तो इसकी सबसे बड़ी वजह तुम हो।

अमन ने मुस्कराकर कहा, नहीं भाभी, मैंने सिर्फ आपका साथ दिया है। रास्ता आपने खुद तय किया है।

कुछ वर्षों बाद सविता ने अपने क्षेत्र में एक छोटा अस्पताल खोला। वहां गरीब मरीजों का कम खर्च में इलाज किया जाता था। गांव और आसपास के लोग अब उसे सम्मान की नजर से देखते थे।

सबसे दिलचस्प बात यह थी कि वही लोग, जो कभी उसके सपनों का मजाक उड़ाते थे, अब उसकी प्रशंसा करते नहीं थकते थे।

लेकिन सविता के मन में किसी के लिए कोई कटुता नहीं थी। संघर्ष ने उसे मजबूत बनाया था, कठोर नहीं। एक दिन अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला इलाज कराने आई। बातचीत के दौरान उसने कहा, बेटी, तुम्हारी कहानी सुनकर लगता है कि भगवान अच्छे लोगों की मदद जरूर करता है। सविता मुस्कराई और बोली, भगवान मदद करता है, लेकिन अक्सर किसी इंसान के रूप में। मेरी जिंदगी में वह मदद मेरे परिवार और मेरे देवर के रूप में आई थी। उस शाम अस्पताल से लौटते समय उसने आसमान की ओर देखा। उसे अपने दिवंगत पति की याद आई। उसे लगा जैसे कहीं न कहीं वे भी उसकी इस सफलता को देखकर मुस्करा रहे होंगे। घर पहुंचकर उसने आंगन में खेलते बच्चों को देखा। कभी यही बच्चे उसके संघर्ष का कारण थे और यही उसकी ताकत भी बने। उसने महसूस किया कि जीवन की सबसे बड़ी जीत केवल मंजिल तक पहुंचना नहीं है, बल्कि रास्ते में अपने मानवीय मूल्यों को बचाए रखना है।

अमन आज भी पहले की तरह विनम्र था। उसने कभी अपने योगदान का श्रेय नहीं लिया। लेकिन सविता जानती थी कि अगर उस कठिन समय में उसने उसका हाथ न थामा होता, तो शायद उसकी जिंदगी बिल्कुल अलग होती।

उसने सीखा था कि रिश्ते केवल खून के नहीं होते। कई बार सम्मान, भरोसा और इंसानियत ऐसे बंधन बना देते हैं जो जन्म से मिले रिश्तों से भी अधिक मजबूत साबित होते हैं।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# स्थितप्रज्ञ

एक ऑटो रिक्शा ड्राइवर हमारी सोसायटी के पास ही रहा करते थे। सज्जन व्यक्ति थे।अकस्मात मृत्यु हो गई। एक दिन लगभग उसी जगह एक रिक्शा खड़ा देखा तो वे सज्जन याद आए। विचार उठा कि आदमी के जाने के बाद कोई उसे कितने दिन याद रखता है? चिता को अग्नि देने के बाद परिजनों के पास थोड़ी देर रुकने का समय भी नहीं होता।

एक घटना स्मरण हो आई। एक करीबी परिचित परिवार में शोक प्रसंग था। अंतिम संस्कार के समय, मैं श्मशान में उपस्थित था। सारी प्रक्रिया चल रही थी। लकड़ियाँ लगाई जा रही थीं। साथ के दाहकुंड में कुछ युवा एक अधेड़ की देह लेकर आए थे। उन्होंने नाममात्र लकड़ियाँ लेकर अधिकांश उपलों का उपयोग किया। श्मशान का कर्मचारी समझाता रह गया, पर केवल उपलों के उपयोग से से देह के शीघ्र फुँक जाने का गणित समझा कर अग्नि देने के तुरंत बाद वे सब चलते बने।

हमें सारी तैयारी में समय लगा। दाह दिया गया। तभी साथ वाले कुंड पर दृष्टि गई तो जो दृश्य दिखा, उससे भीतर तक मन हिल गया। मानो वीभत्स और विदारक एक साथ सामने हों। उस देह का एक पाँव अधजली अवस्था में लगभग पचास अंश में ऊपर की ओर उठ गया था। अधिकांश उपलों के जल जाने के कारण देह के कुछ अन्य भाग भी दिखाई दे रहे थे।

श्मशान के कर्मचारी से सम्पर्क करने पर उसने बताया कि हर दिन ऐसे एक-दो मामले तो होते ही हैं, जिनमें परिजन तुरंत चले जाते हैं। बाद में फोन करने पर भी नहीं आते। अंततः मृत देह का समुचित संस्कार श्मशान के कर्मचारी ही करते हैं। लोकमान्यता है कि जिसका कोई नहीं होता, उसका भी कोई न कोई होता है। अपनी कविता 'स्थितप्रज्ञ' याद हो आई-

शव को / जलाते हैं / दफनाते हैं,
शोक, विलाप / रुदन, प्रलाप,
अस्थियाँ, माँस, / लकड़ियाँ, बाँस,
बंद मुटठी लिए / आदमी का आना,
मुटठी भर होकर / आदमी का जाना,
सब देखते हैं /सब समझते हैं,
निष्ठा से / अपना काम करते हैं,
श्मशान के ये कर्मचारी
परायों की भीड़ में /अपनों से लगते हैं,
घर लौटकर /रोज़ाना की सारी भूमिकाएँ
आनंद से निभाते हैं / विवाह, उत्सव
पर्व, त्यौहार /सभी मनाते हैं
खाते हैं, पीते हैं / नाचते हैं, गाते हैं,
स्थितप्रज्ञता को भगवान,
मोक्षद्वार घोषित करते हैं,
संभवतः / ऐसे ही लोगों को,
स्थितप्रज्ञ कहते हैं..!

विश्वास हो गया कि जिसका कोई नहीं होता, उसका भी कोई न कोई होता है। इस स्थितप्रज्ञता को प्रणाम !

# देवता की सीख

गांव में एक मंदिर था। मंदिर के पास एक महात्मा जी रहते थे। वे मंदिर के देवता की पूजा और आरती करते थे।

माधव एक होनहार बच्चा था। वह पढ़ाई में बहुत होशियार था। माधव कभी कभी महात्मा जी के पास चला जाता था। महात्मा जी उसे बहुत प्यार करते थे।

एक दिन माधव ने महात्मा जी से पूछा - '' बाबा , क्या देवता सचमुच होते हैं ?''

'' हाँ , बेटा '' महात्मा जी ने कहा। ''देवता क्या करते हैं ? '' माधव ने पूछा।

'' वह सब कुछ कर सकते हैं। सब कुछ दे सकते हैं '' महात्मा जी बोले। माधव देवता के मंदिर में गया और मन ही मन देवता से कुछ माँगा। उसे लगा देवता ने उसकी बात मान ली है। धीरे धीरे माधव खेलकूद पर अधिक ध्यान देने लगा। एक दिन माधव ने सपना देखा। देवता सामने खड़े थे। उन्होंने माधव से कहा - '' यह सही है कि मैं सब कुछ दे सकता हूँ, किन्तु जो मेहनत करते हैं , उन्हीं को देता हूँ। जो मेहनत नहीं करते ,उन्हें कुछ नहीं देता। यदि मैं बिना मेहनत करने वालों को देता रहा ,तो सब आलसी हो जायेंगे। तुम्हारा खेलने जाना तो ठीक है परन्तु पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान दो। अगर पढ़ाई पर ध्यान नहीं दिया तो दूसरे बच्चे तुमसे आगे निकल जायेंगे। '' नींद से जागने पर माधव ने महात्मा जी को अपने सपने के बारे में बताया। महात्मा जी ने कहा - देवता भी मेहनत करने वाले को ही देते हैं। माधव मन लगाकर पढ़ाई करने लगा। परीक्षाफल आया तो वह अपनी कक्षा में पहले स्थान पर था।

## बोध कथा

# चिड़िया और बन्दर

एक जंगल में एक पेड़ पर गौरैया का घोंसला था। एक दिन कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। ठंड से कांपते हुए तीन चार बंदरो ने उसी पेड़ के नीचे आश्रय लिया। एक बंदर बोला कहीं से आग तापने को मिले तो ठंड दूर हो सकती हैं। दूसरे बंदर ने सुझाया देखो, यहां कितनी सूखी पत्तियां गिरी पड़ी हैं। इन्हें इकट्ठा कर हम ढेर लगाते हैं और फिर उसे सुलगाने का उपाय सोचते हैं।

बंदरों ने सूखी पत्तियों का ढेर बनाया और फिर गोल दायरे में बैठकर सोचने लगे कि ढेर को कैसे सुलगाया जाए। तभी एक बंदर की नजर दूर हवा में उड़ते एक जुगनू पर पड़ी और वह उछल पड़ा। उधर ही दौड़ता हुआ चिल्लाने लगा देखो, हवा में चिंगारी उड़ रही हैं। इसे पकड़कर ढेर के नीचे रखकर फूंक मारने से आग सुलग जाएगी।

हां हां! कहते हुए बाकी बंदर भी उधर दौड़ने लगे। पेड़ पर अपने घोंसले में बैठी गौरैया यह सब देख रही थे। उससे चुप नहीं रहा गया। वह बोली बंदर भाइयो, यह चिंगारी नहीं हैं यह तो जुगनू हैं।

एक बंदर क्रोध से गौरैया की देखकर गुर्राया मूर्ख चिड़िया, चुपचाप घोंसले में दुबकी रह।हमें सिखाने चली है।

इस बीच एक बंदर उछलकर जुगनू को अपनी हथेलियों के बीच कटोरा बनाकर कैद करने में सफल हो गया। जुगनू को ढेर के नीचे रख दिया गया और सारे बंदर लगे चारों ओर से ढेर में फूंक मारने।

गौरैया ने सलाह दी भाइयो! आप लोग गलती कर रहे हैं। जुगनू से आग नहीं सुलगेगी। दो पत्थरों को टकराकर उससे चिंगारी पैदा करके आग सुलगाइए।

बंदरों ने गौरैया को घूरा। आग नहीं सुलगी तो गौरैया फिर बोल उठी भाइयो! आप मेरी सलाह मानिए, कम से कम दो सूखी लकड़ियों को आपस में रगड़कर देखिए।

सारे बंदर आग न सुलगा पाने के कारण खीजे हुए थे। एक बंदर क्रोध से भरकर आगे बढ़ा और उसने गौरैया पकड़कर जोर से पेड़ के तने पर मारा। गौरैया फड़फड़ाती हुई नीचे गिरी और मर गई।

**सीख :** 1. बिना मांगे किसी को भी सलाह नहीं देनी चाहिए, खासकर मूर्ख व्यक्ति को तो बिलकुल भी नहीं।

2. मूर्खों को सीख या सलाह देने का कोई लाभ नहीं होता। उल्टे सीख देने वाले को ही पछताना पड़ता हैं।



## वीर गाथा

# नायक टेप याजो : बाधाओं से टकराकर भी नहीं डिगा हौसला, खूंखार आतंकवादियों का किया खात्मा



नायक टेप याजो का जन्म 19 अगस्त, 1977 को अरुणाचल प्रदेश के शि-योमी ज़िले के कारो गांव में हुआ था। माता यप्पोन याजो और पिता तमांग याजो के बेटे टेप याजो बहुत अनुशासित, साहसी और देशभक्त थे।

वे दिसंबर 1995 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्हें असम रेजिमेंट की पहली बटालियन में शामिल किया गया था। टेप याजो ने कई सैन्य अभियानों में भाग लिया और पराक्रम का प्रदर्शन किया था। वे साल 2008 में अपनी बटालियन के साथ जम्मू-कश्मीर के पुंछ ज़िले में तैनात थे। वहां आतंकवादियों के हमले हो रहे थे। घुसपैठ का खतरा बना हुआ था।

सितंबर 2008 में सेना को खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि कालास जंगल के इलाके में भारी हथियारों से लैस कुछ आतंकवादी मौजूद हैं। इसके बाद 'ऑपरेशन कालास' चलाया गया। नायक टेप याजो अपने जवानों का नेतृत्व कर रहे थे। उन्हें एक बड़े पत्थर के पीछे कुछ हलचल दिखाई दी। उन्होंने गौर किया तो पता चला कि वहां एक आतंकवादी छिपा हुआ था। टेप याजो ने एक क्षण भी नहीं गंवाया। वे आतंकवादी की ओर बढ़े तथा उसका खात्मा कर दिया।

अचानक एक और आतंकवादी आगे आया। उसने ग्रेनेड से हमला किया। इससे टेप याजो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने इसके बावजूद पीछे हटने से इन्कार कर दिया। वे झाड़ियों के बीच रेंगते हुए आगे बढ़े और उस आतंकवादी का पता लगा लिया। उन्होंने उसे भी मार गिराया। इसी दौरान तीसरे आतंकवादी ने उन पर गोलियां चलाईं। इससे टेप याजो लहूलुहान हो गए। उन्होंने अपना कर्तव्य निभाते हुए 22 सितंबर, 2008 को देश के लिए बलिदान दे दिया।

नायक टेप याजो ने बेमिसाल हिम्मत, कुशल नेतृत्व और कर्तव्य के लिए अटूट निष्ठा दिखाते हुए मिसाल कायम की। उनका जीवन हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्हें 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत




# किसी भी तरह के 'सौदे' या आपराधिक गतिविधियों में शामिल पुलिसकर्मियों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने पुलिस अधिकारियों को किसी भी तरह के 'सौदे' या आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के खिलाफ आगाह करते हुए शनिवार को कहा कि ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधान सौधा में जिला पुलिस इकाइयों के लिए 32 अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन और 75 बोलेरो वाहनों को हरी झंडी दिखाने के बाद शिवकुमार ने यह बात कही।

उन्होंने कहा, पुलिस अधिकारियों को किसी भी तरह के सौदे या आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होना चाहिए। जो भी इसमें शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसे आप मेरी अपील या आधिकारिक निर्देश, जो भी चाहें, मान सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने मादक पदार्थों के तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने वाली पुलिस टीम के लिए 10 लाख रुपये के पुरस्कार की भी घोषणा की। शिवकुमार ने कहा, सीमाओं पर सैनिक और राज्य में पुलिसकर्मी तैनात हैं। इन्हीं दोनों की वजह से हमारे राज्य और देश में शांति कायम रह सकती है। सरकार की ओर से मैं आप सभी को बधाई देता हूं। सफलता तब मिलती है, जब आपका संकल्प आपकी क्षमता से भी अधिक मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान पुलिस ने 375 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और 1,500 तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों से कहा, पूरा देश कर्नाटक की ओर देख रहा है। सरकार ने मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने वाली टीम को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने का फैसला किया है। मैं सभी अधिकारियों को बधाई देता हूं। हर व्यक्ति के मन में पुलिस विभाग के प्रति विश्वास और सम्मान होना चाहिए। आपकी सफलता ही सरकार की सफलता है।

उन्होंने हाल ही में केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला के साथ सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी पर हुई बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि चेन्निथला ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि कर्नाटक में मादक पदार्थों की तस्करी या केरल के रास्ते उन्हें भेजने पर रोक लगाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा पुलिस विभाग देश के सबसे सक्षम पुलिस बलों में से एक माना जाता है। यह प्रतिष्ठा हमारे पुलिसकर्मियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और दक्षता के कारण हासिल हुई है। सरकार दिन-रात आपकी सेवा के दौरान हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी। कभी-कभी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं होती हैं, लेकिन ऐसी परिस्थितियों में भी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आपका मनोबल बना रहे। आप कानून का पालन कराते हैं और समाज की रक्षा करते हैं।

उन्होंने कहा कि अपराध के स्वरूप में तेजी से बदलाव आया है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के आने के साथ अपराधों का पता लगाने के लिए कई नयी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। शिवकुमार ने कहा, मैंने सभी पुलिस थानों में असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष दल गठित करने के भी निर्देश दिए हैं।

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के आरोपों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एहतियाती कदम के तौर पर उन्होंने निर्देश दिया है कि कर्नाटक के मुजराई (हिंदू धार्मिक संस्थान एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती) विभाग के अधीन आने वाले सभी मंदिरों में दानपात्र खोलने, धनराशि की गिनती करने और उसे बैंक में जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में वीडियो रिकॉर्ड की जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द ही औपचारिक आदेश जारी किए जाएंगे। शिवकुमार ने कहा, धर्म कोई भी हो, यदि कोई धार्मिक स्थल सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है तो उसकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। अपराध होने के बाद उसकी जांच करने से अधिक महत्वपूर्ण उसे रोकना है। मेरा मानना है कि इस फैसले से निजी मंदिरों और अन्य धार्मिक संस्थानों को भी ऐसे एहतियाती उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

शिवकुमार ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को रिश्वत देकर सरकारी नौकरी नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों का आधार केवल योग्यता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों से कहा, सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी। बदले में आप भी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

# एचएमटी की जमीन राज्य सरकार की है, वह वन भूमि ही रहेगी : ईश्वर खंड्रे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मंत्री ईश्वर खंड्रे ने एचएमटी जमीन विवाद पर केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के दावों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि यह कानूनी रूप से वन भूमि की श्रेणी में आती है। मंत्री ने कहा कि जब तक इसे नियमों के तहत किसी और काम के लिए आवंटित नहीं जाता, तब तक यह वन भूमि ही बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस जमीन पर मालिकाना हक राज्य सरकार का है, न कि एचएमटी का।

ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री खंड्रे कुमारस्वामी के आरोपों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री से उनकी कोई व्यक्तिगत रंजिश नहीं है और न ही वह विकास के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। कुमारस्वामी द्वारा उनकी योग्यता पर उठाए गए सवालों का जिक्र करते हुए खंड्रे ने कहा कि वह व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करते। एक ओर जहां कुमारस्वामी ने कहा था कि एचएमटी का मामला अदालत में विचाराधीन है, तो दूसरी तरफ उन्होंने यह दावा भी किया कि इस जमीन पर राज्य सरकार का कोई अधिकार नहीं है।

इस पर खंड्रे ने संवाददाताओं से कहा, इस मामले पर फैसला न्यायपालिका को करना है, कुमारस्वामी को नहीं। खंड्रे ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने कई फैसलों में लगातार यह व्यवस्था दी है कि एक बार वन भूमि घोषित की गई जमीन तब तक वन भूमि ही रहेगी, जब तक उसे कानूनी रूप से गैर-वन उपयोग के लिए आवंटित नहीं जाता। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि पर्यावरण अधिकार, मालिकाना हक के अधिकारों से ऊपर होते हैं।

# आईटी मंत्री ने एंथ्रोपिक इंडिया से एआई सहयोग पर की चर्चा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री प्रियंक खरगे ने शनिवार को एंथ्रोपिक इंडिया की शीर्ष अधिकारी से मुलाकात कर राज्य की कृत्रिम मेधा (एआई) दृष्टि और सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि एआई क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एंथ्रोपिक की भारतीय इकाई की प्रबंध निदेशक इरिना घोष के साथ हुई बातचीत में एआई कौशल के विकास, साझेदारी और सह-निर्माण पर खास जोर रहा।

खरगे के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने एआई शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' और इनक्यूबेटर स्थापित करने पर भी विचार किया। इस चर्चा में सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एआई के उपयोग और कर्नाटक को ई-गवर्नेंस से आई-गवर्नेंस (बुद्धिमत्ता आधारित शासन) की ओर ले जाने पर भी जोर दिया गया। मुलाकात के दौरान खरगे ने कहा कि एंथ्रोपिक के साथ सहयोग से कौशल, अनुसंधान और एआई-आधारित शासन में नए अवसर खुलेंगे।

# बेंगलूरु में मां-दादी और रिश्तेदार की कथित तौर पर हत्या के बाद आरोपी ने दी जान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । बेंगलूरु के कोट्टीगेपाल्या इलाके में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई। कामाक्षीपाल्या थाना क्षेत्र में अयप्पा मंदिर के पास एक परिवार के तीन सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपी ने भी आत्महत्या कर ली। पुलिस को शुरुआती जांच में संदेह है कि 34 वर्षीय आरोपी ने अपनी मां, दादी और एक रिश्तेदार की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय प्रशांत के रूप में हुई है, जो पेशे से चालक था। शुरुआती जानकारी के अनुसार, वह मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहा था। पुलिस को संदेह है कि उसने आत्महत्या करने से पहले किसी धारदार हथियार से अपने परिवार के सदस्यों पर हमला किया।

मृतकों की पहचान 55 वर्षीय मंगलम्मा, 65 वर्षीय नंजम्मा और 50 वर्षीय सतीश के रूप में हुई है। मंगलम्मा प्रशांत की मां थीं और एक गारमेंट फैक्टरी में काम करती थीं। नंजम्मा उनकी दादी थीं और सफाई का काम करती थीं, जबकि सतीश प्लंबर का काम करते थे और अविवाहित थे।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, परिवार के सदस्यों पर हमला करने के बाद प्रशांत ने भागने की कोशिश की। हालांकि, स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और घर के अंदर बंद कर दिया। इसके बाद उसने कथित तौर पर एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है और सभी तथ्यों की पुष्टि की जा रही है।

सूचना मिलते ही कामाक्षीपाल्या थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अपराध जांच टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया और वहां से सबूत जुटाए।

पुलिस घटना की वजह का पता लगाने के लिए पड़ोसियों, स्थानीय लोगों और परिजनों से पूछताछ कर रही है। उनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फिलहाल घटना के पीछे की असली वजह सामने नहीं आई है। पुलिस ने घटना की पुष्टि की है, जबकि मामले में विस्तृत आधिकारिक बयान का इंतजार है। गौरतलब है कि 22 जून को बेंगलूरु पुलिस ने 24 वर्षीय श्वेता और उसके लिव-इन पार्टनर 25 वर्षीय केनेथ को केआर पुरम के सीगेहल्ली स्थित एक अपार्टमेंट में श्वेता के माता-पिता और छोटी बहन की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि परिवार में उनके रिश्ते और श्वेता पर बढ़ते कर्ज को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके बाद इस वारदात को अंजाम दिया गया।

# पंचायत चुनाव अक्टूबर या नवंबर में हो सकते हैं: मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों का हवाला देकर केंद्र का निधि रोकना सही नहीं है। उन्होंने कर्नाटक के सांसदों से इस मामले पर एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की। संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष के इस कथन के बारे में कि 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था 2029 तक लागू हो सकती है, खंड्रे ने केंद्र सरकार की आलोचना की।

बेंगलूरु। कर्नाटक के ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री ईश्वर खंड्रे ने शनिवार को कहा कि राज्य में ग्राम, तालुक एवं जिला पंचायत चुनाव अक्टूबर या नवंबर में होने की संभावना है। खंड्रे ने कहा कि जैसे ही परिसीमन की प्रक्रिया और आरक्षण का खाका तय करने का काम पूरा हो जाएगा, प्रस्ताव राज्य निर्वाचन आयोग को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, सभी निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन तथा तालुक एवं जिला पंचायतों के लिए आरक्षण को अंतिम रूप देने का काम जारी है। मंत्रिमंडल में इस पर चर्चा हो चुकी है तथा मुख्यमंत्री एवं सभी मंत्री ग्राम, तालुक और ज़िला पंचायत चुनाव कराने के इच्छुक हैं।

खंड्रे ने कहा, मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि ग्राम, तालुक और ज़िला पंचायत के सभी चुनाव अक्टूबर या नवंबर में होंगे।' शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव में देरी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी अभी विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में व्यस्त हैं, इसलिए अतिरिक्त समय मांगा गया है। मंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत कर्नाटक की ग्राम पंचायतों के लिए 2,186.20 करोड़ रुपये जारी नहीं किए हैं।

उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों का हवाला देकर केंद्र का निधि रोकना सही नहीं है। उन्होंने कर्नाटक के सांसदों से इस मामले पर एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की। संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष के इस कथन के बारे में कि 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था 2029 तक लागू हो सकती है, खंड्रे ने केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का रवैया तानाशाही वाला है और वह देश पर पूरा नियंत्रण चाहती है।

# पुलिस ने 60.86 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए, आठ गिरफ्तार

बेंगलूरु। बेंगलूरु पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ कर पांच विदेशी नागरिकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ भी जब्त किए जिनका अनुमानित बाजार मूल्य 60.86 करोड़ रुपये है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 29 किलोग्राम एमडीएमए, 20 ग्राम कोकीन और मादक सामग्री युक्त 1,000 गोलियां जब्त कीं। अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान हेब्बल थाना, सीसीबी मादक पदार्थ रोधी शाखा और गिरिनगर थाना पुलिस ने स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज अलग-अलग मामलों में चलाया।

पुलिस दल ने उनके पास से 17.282 किलोग्राम एमडीएमए जब्त किया, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 34.56 करोड़ रुपये है। वहीं, एक अलग अभियान में, सीसीबी मादक पदार्थ रोधी शाखा ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत तीन मामले दर्ज किए और तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो नाइजीरियाई और एक दक्षिण अफ्रीकी नागरिक शामिल हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने 6.718 किलोग्राम एमडीएमए और 20 ग्राम कोकीन भी जब्त की, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 14.30 करोड़ रुपये है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच से पता चला है कि ये मादक पदार्थ दिल्ली के एक आपूर्तिकर्ता से मंगवाए गए थे और बेंगलूरु में स्थानीय मादक पदार्थ बेचने वालों को बांटे जा रहे थे। तीसरे मामले में, गिरिनगर थाने के अधिकारी और कर्मचारी पिछले 10 दिन से मुखबिरों से मिली भरोसेमंद जानकारी के आधार पर थानाक्षेत्र में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान एक और नाइजीरियाई नागरिक को पकड़ा गया तथा उसके पास से पांच किलोग्राम एमडीएमए और मादक सामग्री युक्त 1,000 गोलियां जब्त की गईं, जिनकी कीमत लगभग 12 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसने कहा, जांच से पता चला कि जब्त एमडीएमए को एक विदेशी नागरिक नयी दिल्ली से लाया था और इसकी बेंगलूरु शहर में गैर-कानूनी तौर पर बांटने के लिए स्थानीय आरोपियों के जरिए आपूर्ति की जा रही थी।

# मंगलूरु में अवैध रूप से कार्यरत बांग्लादेश के आठ नागरिक पुलिस हिरासत में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलुरु। भारत में कथित तौर पर अवैध रूप से प्रवेश कर कर्नाटक के मंगलुरु में एक निर्माण स्थल पर काम कर रहे बांग्लादेश के आठ नागरिकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंगलुरु नगर के पुलिस आयुक्त सुधीर कुमार रेड्डी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नौ जुलाई को सुरतकल थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन भवन पर तलाशी अभियान चलाया और वहां कार्यरत 54 निर्माण श्रमिकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान आठ श्रमिक बांग्लादेशी नागरिक पाए गए, जो वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह समूह करीब तीन महीने पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद क्षेत्र के रास्ते भारत में कथित तौर पर दाखिल हुआ था। उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्हें पश्चिम बंगाल के पते वाले आधार कार्ड की रंगीन प्रतियां उपलब्ध कराई गईं, जिन पर उनके फोटो लगे थे। अधिकारी के अनुसार, ये सभी पिछले दो महीने से सुरतकल के निकट मुक्का स्थित एक निर्माण स्थल पर काम कर रहे थे।

श्रमिकों ने पूछताछ के दौरान बांग्लादेश के राष्ट्रीय पहचान पत्र प्रस्तुत किए, जिससे उनके बांग्लादेशी नागरिक होने की पुष्टि हुई।

अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जानकारी बेंगलूरु स्थित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इनके अवैध प्रवेश और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने में कथित रूप से मदद करने वाले लोगों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

# वी सोमन्ना ने तुमकूरु-रायदुर्गा नई रेलवे लाइन परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने शनिवार को तुमकूरु-रायदुर्गा नई रेलवे लाइन परियोजना के उरुकेरे-कोराटागेरे (18 किमी) और कोराटागेरे-मदाकासिरा (56 किमी) खंडों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने कोराटागेरे, मधुगिरि, होसाकेरे और बेदत्तूरु में स्टेशन के कार्यों का जायजा लिया और रेलवे अधिकारियों को तय समय-सीमा के भीतर परियोजना पूरी करने का निर्देश दिया।

वी सोमन्ना ने कहा कि तुमकूरु-रायदुर्गा नई लाइन परियोजना अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। डोड्डाहल्ली से पावागडा तक नई रेलवे लाइन का काम पूरा हो गया है और रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने भी निरीक्षण कर लिया है। रायदुर्गा से पावागडा के लिए ट्रेन सेवाएं जल्द शुरू होंगी। तुमकूरु-दावणगेरे नई लाइन परियोजना पर भी तेज़ी से काम चल रहा है।

207 किमी लंबी तुमकूरु-रायदुर्गा नई रेलवे लाइन परियोजना में काफी प्रगति हुई है। अब तक 110 किमी का काम पूरा हो चुका है। इसमें डोड्डाहल्ली और रायदुर्गा के बीच का 83 किमी का हिस्सा भी शामिल है, जिसे पहले ही दो चरणों में चालू किया जा चुका है।

इसके अलावा, तुमकूरु और उरुकेरे के बीच 11 किमी का खंड, डोड्डाहल्ली और पावागडा के बीच 16 किमी का खंड पूरा हो गया है। रेलवे सुरक्षा के मुख्य आयुक्त द्वारा ज़रूरी निरीक्षण भी किए जा चुके हैं। 22 किमी लंबे मडाकासिरा-पावागडा खंड पर काम चल रहा है। निरीक्षण के दौरान मधुगिरि विधायक केएन राजन्ना, मुख्य अभियंता (निर्माण) श्रीप्रसाद, उप मुख्य अभियंता (निर्माण) सूरज कुमार और रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे।

# केरल के मुख्यमंत्री सतीशन ने कोल्लूर मूकाम्बिका मंदिर में दर्शन किए

उडुपी। केरल के मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन ने शनिवार को जिले के प्रसिद्ध कोल्लूर मूकाम्बिका मंदिर में दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री सुबह-सुबह मंदिर पहुंचे और वहां विशेष पूजा में शामिल होकर आराध्य देवी का आशीर्वाद लिया। अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री को 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त होने के कारण मंदिर परिसर और उसके आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर में दर्शन के बाद सतीशन मंगलुरु के रास्ते बेंगलूरु के लिए रवाना हो गए। केरल के मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद वह पहली बार प्रसिद्ध मूकाम्बिका मंदिर पहुंचे।

दक्षिण पश्चिम रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

ई-निविदा सूचना सं: Y-E-29-2026-27-48 दिनांक: 03-07-2026

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
| --- | --- |
| ब्लॉक स्टेशन में बदलने के कारण कनिवेहल्ली और बिसालेहल्ली हॉल्ट्स को एनएसजी-6 कैटेगरी के स्तर पर अपग्रेड कार्य। | रु. 22,39,490.31 |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथि: 27.07.2026, 11:00 बजे तक

ई-निविदा सूचना सं: Y-E-29-2026-27-49 दिनांक: 03-07-2026

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
| --- | --- |
| हासन - मंगलूरु जं. खंड: कम लागत वाले आरओबीयों बनाकर सुब्रह्मण्य रोड और कबाकापुत्तूर स्टेशनों के बीच एलसी नं. 102, 103 और 104 को हटाने का कार्य। | रु. 22,70,040.87 |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथि: 27.07.2026, 11:00 बजे तक

विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में

वरिष्ठ विभागीय इलेक्ट्रिकल इंजीनियर
टीआरडी/मैसूरु
PUB/281/AAF/PRB/SWR/2026-27

आसान टिकट बुकिंग, PNR स्थिति और दूसरी रेलवे सेवाओं के लिए RailOne ऐप डाउनलोड करें।

South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRAILWAYHQ | sw_railways



# जीतो नॉर्थ चैप्टर के गांधीनगर में बने नए आधुनिक कार्यालय का उद्घाटन आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन(जीतो) नॉर्थ चैप्टर फाउंडेशन द्वारा नवनिर्मित अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित नवीन कार्यालय का उद्घाटन रविवार को गांधीनगर स्थित पर्ल मिडोज परिसर में होगा। ज्ञातव्य है कि लगभग 8,000 वर्गफीट क्षेत्रफल में निर्मित इस आधुनिक कार्यालय में करीब 150 लोगों की बैठने की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम है, जो जीतो के कार्यालयों में अपनी तरह की एक अनूठी उपलब्धि माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त चेयरमैन चैंबर, एग्जीक्युटिव बोर्ड रूम, जेएलडब्ल्यू एवं जेवाईडब्ल्यू चैंबर, बोर्ड रूम, मुख्य सचिव एवं कोषाध्यक्ष कक्ष, एडमिन ब्लॉक, डाइनिंग रूम, फूड कोर्ट तथा आधुनिक लॉबी जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएँ भी विकसित की गई हैं।

उद्घाटन समारोह में जीतो अपेक्स के राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित अन्य उद्योगपति, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में जीतो सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थिति होंगे। नार्थ के चेयरमैन विमल कटारिया ने बताया कि यह कार्यालय भविष्य में उद्योग, व्यापार, शिक्षा, युवा नेतृत्व, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा तथा राष्ट्रीय स्तर की अनेक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। संयोजक रमेश बोहरा, सहसंयोजक दिनेश बाफना, उपाध्यक्ष कमल पुनमिया, मंत्री अशोक भंडारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नया कार्यालय केवल संगठन का प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि समाज, उद्योग, शिक्षा, युवा एवं महिला सशक्तिकरण की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।







# गांधीनगर में श्री उत्सव प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ, पहले दिन दिखा अच्छा रेस्पांस

## तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर ने आयोजित की दो दिवसीय प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर द्वारा दो दिवसीय श्री उत्सव' प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ शनिवार को किया गया। श्रद्धा संगीत मंडल द्वारा प्रेरणा गीत संगान से उद्घाटन सत्र की शुरुआत हुई। सभा के अध्यक्ष प्रकाश बाबेल परिवार एवं अन्य अतिथियों व प्रायोजकों ने फीता काटकर श्री उत्सव का उद्घाटन किया। महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी बोहरा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि श्री उत्सव एक आयोजन ही नहीं बल्कि एक क़दम स्वावलंबन की ओर का ऐसा मंच है जो हर महिलाओं की प्रतिभा आत्मनिर्भरता और सृजनशीलता को नई पहचान देता है।



अखिल भारतीय महिला मंडल की कर्नाटक क्षेत्र संयोजिका वीणा बैद ने कहा कि गांधीनगर शाखा की उर्वरा शक्ति, कर्मजा शक्ति और समर्पण भाव ने हमेशा कार्यकर्ताओं का निर्माण किया है। कर्नाटक प्रभारी ख़ामोशी मेहर ने कहा कि स्वावलंबन की दिशा में आयोजित श्री उत्सव अति व्यवस्थित एवं सराहनीय है। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष प्रकाश बाबेल ने कहा कि महिलाएँ घर और बाहर दोनों को बैलेंस करते हुए आज देश और समाज में अपनी एक सराहनीय भूमिका और अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने मंडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांधीनगर महिला मंडल बहुत अच्छा काम कर रहा है।

महासभा के उपाध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सभा के उपाध्यक्ष प्रकाश कटारिया, मंत्री सुभाष पोखरना, तेयुप के अध्यक्ष विनोद कोठारी सहित बड़ी संख्या में संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। मंडल की मंत्री विजेता रायसोनी ने श्री उत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए मंडल के आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में डिज़ाइनर ड्रेसेस, ज्वेलरी, हस्तनिर्मित कलाकृतियाँ, बंदनवाल, किचन आइटम, राखियां, बेडशीट, रेज़िन आर्ट, सौंदर्य प्रसाधन सामग्री सहित खानपान के स्टॉल भी ग्राहकों को खूब लुभा रहे है। इस प्रदर्शनी में कुल 75 नामी गिरामी ब्रांडों के स्टॉल लगाए गए, पहले दिन लगभग एक हजार से अधिक संभावित ग्राहकों ने प्रदर्शनी का दौरा किया तथा जमकर खरीददारी की।

इस मौके पर मुख्य प्रायोजक प्रकाश बाबेल परिवार, महेश सवाई केटरर्स, संतोष गिरिया परिवार, सिंपलीसाइट प्रोडक्शन, लाफिंग वाटर प्रोडक्शंस, सुनील धारीवाल, छित्तरमल सुराना, जितेन्द्र आंचलिया आदि अन्य सहयोगियों व अतिथियों का सम्मान किया गया। मंडल की उपाध्यक्षा एवं कार्यक्रम की संयोजिका किरण गिलुण्डिया एवं मंत्री विजेता रायसोनी ने विभिन्न संत्रों का संचालन किया। अन्य संयोजिका सचिता मेहता, स्टाल संयोजिका मीना छाजेड़, रेखा भंसाली, सहमंत्री वीणा पोरवाल, विनीता मरोठी, संगठन मंत्री प्रमिला धोका, प्रचार प्रसार मंत्री संगीत आंचलिया, पूर्व अध्यक्ष शांति सकलेचा, कान्ता लोढ़ा, निर्मला सोलंकी, परामर्शिका वसंता रायसोनी, संरक्षिका आशा धारीवाल व टीम ने उपस्थित होकर व्यवस्था संभाली। कार्यसमिति सदस्य बिंदु रायसोनी ने आकर्षक लक्की डॉ की व्यवस्था संभाली।



# आचार्यश्री नित्यानंदसूरी चातुर्मास के प्रवेशोत्सव पत्रिका का हुआ विमोचन

## राज्यपाल गहलोत को दिया चातुर्मास प्रवेश का निमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गोड़वाड़ भवन में गोडवाड़ वल्लभ चातुर्मास आयोजक समिति द्वारा आचार्यश्री नित्यानंदसूरीश्वरजी आदि साधु साध्वियों के चातुर्मास प्रवेश की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। पद्मश्री से विभूषित आचार्यश्री रविवार को तुमकूर रोड स्थित तोनचिनकुप्पे में नगर प्रवेश करेंगे। गच्छाधिपति के चातुर्मास को लेकर पूरे बेंगलूरु के गुरु भक्तों में विशेष उत्साह व उमंगय है। ज्ञातव्य है कि आचार्यश्री का गोडवाड़ भवन में 19 जुलाई को चातुर्मास प्रवेश होगा। रोजाना गोड़वाड़ भवन में चातुर्मास संबंधित विभिन्न संघों, समितियों के पदाधिकारियों की बैठकें हो रही हैं।

शुक्रवार को गोड़वाड़ भवन में प्रवेशोत्सव पत्रिका का विमोचन समिति के कुमारपाल सिसोदिया, विक्रम कुमार करबावाला, राजेश राठौड़, गौतम मेहता, अशोक करबावाला, विमल गांग, अशोक बंबोली, निर्मल धोका सहित अन्य सदस्यों ने किया। विमोचन के बाद चातुर्मास आयोजक समिति के प्रतिनिधि मंडल ने लोक भवन जाकर राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात कर उन्हें चातुर्मास प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

सदस्यों ने आचार्यश्री की दीर्घकालीन आध्यात्मिक एवं देशभर में प्रदत्त सामाजिक सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधि मंडल में कुमारपाल सिसोदिया, विक्रम कुमार करबावाला, महीपाल सुराणा, राजेश राठौड़, गौतम मेहता, अशोक करबावाला, सुशील तलेसरा आदि उपस्थित थे।



# कर्नाटक बिहारी समाज ने शुरू किया आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में रहने वाले जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनाने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कर्नाटक बिहारी समाज एवं सुवर्णा आरोग्य सुरक्षा ट्रस्ट बेंगलूरु के संयुक्त तत्वावधान में केम्पापुरा स्थित हीरा केटरर्स के परिसर में निशुल्क आयुष्मान भारत-आरोग्य कर्नाटक कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज के वरिष्ठ सदस्य बिजय शंकर सिंह एवं शैल कुमारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ निश्चित आर. उपस्थित थे। सुवर्णा आरोग्य सुरक्षा ट्रस्ट की ओर से डॉ श्वेता जीएच, डॉ श्वेता एस. तथा डॉ मानसा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों ने मिलकर इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ निश्चित ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सेवा व कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनाने का अभियान पूरे वर्ष निरन्तर संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अन्तर्गत पात्र लोगों का पंजीकरण, आवश्यक मार्गदर्शन तथा स्वास्थ्य कार्ड बनाने में हर संभव सहायता उपलब्ध कराई गई।

कर्नाटक बिहारी समाज के संस्थापक उदय सिंह, अध्यक्ष प्रो.(डॉ ) विनय कुमार यादव तथा समन्वयक हीरालाल मंडल के नेतृत्व में यह जनहित अभियान शुरू किया गया। प्रो.विनय कुमार यादव ने समाज के सभी पात्र नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने तथा अपने परिवार और आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी इस आयोजन से जोडने की अपील की है। उन्होंने बताया इस अभियान को पूरे कर्नाटक में विस्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।



# शक्ति-सेलिब्रेटिंग वुमन एंटरप्रेन्योर्स कार्यक्रम में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) साउथ लेडीज़ विंग के जेबीएन स्वयम के तत्वावधान में 'शक्ति-सेलिब्रेटिंग वुमन एंटरप्रेन्योर्स' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाओं ने भाग लिया। साउथ की चेयरपर्सन बबीता रायसोनी के सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों, संभावनाओं और आत्मविश्वास का उत्सव है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुभा जैन ने कहा कि यदि इच्छाशक्ति दृढ़ हो तो अवसर स्वयं रास्ता बना लेते हैं और कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इस अवसर पर डॉ. अनुभा जैन ने जेबीएन स्वयम वीप्रेन्योर डायरेक्टरी का विमोचन भी किया। जेबीएन एपेक्स सचिव मनोज कोचर ने छोटे शहरों और साधारण पृष्ठभूमि से आगे बढ़कर सफलता प्राप्त करने वाली महिलाओं के प्रेरक उदाहरण साझा करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास और सही मार्गदर्शन से हर महिला अपनी अलग पहचान बना सकती है। इसके पश्चात केकेजी ज़ोन जेबीएन संयोजक तुषार बाफना, स्वयम एपेक्स सह संयोजक रिंकू भंसाली ने अपने अनुभव साझा किए।



# आचार्य तुलसी की पुण्यतिथि विसर्जन दिवस के रूप में मनाई गई

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। तेरापंथ महिला मंडल, हनुमंतनगर द्वारा गणाधिपति आचार्यश्री तुलसी की 30वीं पुण्यतिथि विसर्जन दिवस के रूप में मुनिश्री विनीत कुमार जी एवं आकाश कुमार जी के सान्निध्य में मनाई गई। अध्यक्ष संगीता तातेड़ ने सभी का स्वागत किया। मुनिश्री विनीत कुमार जी ने आचार्यश्री तुलसी के विसर्जन की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुनिश्री आकाशकुमारजी, पुनीतकुमारजी, हितेन्द्रकुमारजी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मंजू दक ने किया। मंत्री पपीता दक ने धन्यवाद दिया।




# महावीर विद्यालय के विद्यार्थियों ने जोनल कराटे टूर्नामेन्ट में अच्छा प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। स्थानीय सिद्धार्थनगर स्थित महावीर जैन विद्यालय ने कौंसिल फॉर दि इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) द्वारा शुक्रवार को नालंदा गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित जोनल कराटे टूर्नामेंट 2026-27 में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 9 के छात्र मास्टर नम्मेश वी. ने अंडर-17 लड़कों की श्रेणी में दूसरा स्थान, जबकि कक्षा 9 की छात्रा कुमारी सांची एस. जैन ने अंडर-17 लड़कियों की श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस टूर्नामेंट में मैसूर, कोडगु, चामराजनगर, हासन, तुमकुरु और मंड्या के 29 स्कूलों ने भाग लिया। महावीर जैन विद्यालय के प्रबंधन ने कराटे टीम व सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी।



# मानव कर्तव्य दिवस पर जेसीआई बेंगलूरु कॉस्मो ने की मानवसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अंतर्राष्ट्रीय मानव कर्तव्य दिवस के अवसर पर जेसीआई बेंगलूरु कॉस्मो ने मिशन मुस्कान' के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विद्यालयों में सेवा प्रकल्प आयोजित किए। संस्था ने होम्बेगौड़ा गवर्नमेंट स्कूल में 80 जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ललिता बोथरा, उपाध्यक्ष (कम्युनिटी डेवलपमेंट)ममता मेहता, ज़ोन ऑफिसर मोनिका कुम्मट, प्रोजेक्ट संयोजिका मनीष मेहता, प्रोजेक्ट डायरेक्टर वंदना मेहता, निदेशक पार्व मेहता, सचिव रीना गांधी आदि उपस्थित थे। संस्था की ओर से सभी बच्चों को नाश्ता भी कराया गया।

## मातृछाया सेवा कार्य :

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जैन महिला संगठन 'मातृछाया' द्वारा राजस्थान के जालोर शहर में जागृति जन सेवा संस्थान में दिव्यांग बच्चों के आश्रम में सेवा कार्य किया। इस अवसर पर बच्चों को ड्राई फ्रूट्स व दैनिक आवश्यकताओं की उपयोगी सामग्री भी भेंट की गई। इस मौके पर अध्यक्ष ललिता नागोरी, ललिता ए. नागोरी, ममता नागोरी, मार्गदर्शिका त्रिशला कोठारी उपस्थित थीं। मातृछाया की सदस्याएं कर्नाटक सहित राजस्थान, गुजरात में भी मानवसेवा कार्य करती हैं।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com/**RNI No. 58061/93.**